

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज को लेकर आया पीसीबी प्रमुख का ...

गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन, विश्वविद्यालयों में फलस्तीन ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 340 | पटना, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने देशवासियों को दी हनुमान जयंती की शुभकामनाएं

टोंक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान हनुमान की जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने मंगलवार को राजस्थान में टोंक जिले के उनियारा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोलते हुए हनुमान जयंती की देश के लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आज रामभक्त हनुमान जयंती का पवित्र दिन है और पूरे देश को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं। मैं आप लोगों का आभारी हूं कि मुझे गदा देकर बजरंगबली की जय करने का अवसर दे दिया। महावीर, वीरों के वीर बजरंग बली की जयंती पर मेरा सौभाग्य हैं कि मुझे शूरवीरों की धरती सवाईमाधोपुर आने का मौका मिला है। उन्होंने कहा चुनाव के दिन है एक दिन में दो तीन राज्य में जाना होता है, इसलिए सभा का समय पहले से तय होता है लेकिन इस सभा में हुजूम का हुजूम आ ही रहा है, पूरा जुलूस आ रहा है, मुझे लगता हैं कि मेरी सभा पूरी होने के बाद भी लोग आते रहते हैं जो पहुंच नहीं पाये है और रास्ते में है उनके लिए मैं क्षमा मांगता हूं क्योंकि मैं इंतजार नहीं कर सकता, मुझे आगे भी जाना पड़ेगा।

### मोदी लोकतंत्र के सबसे बड़े प्रहरी : गिरिराज

बेगूसराय। केंद्रीय मंत्री और बिहार के बेगूसराय से भाजपा के प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र के सबसे बड़े प्रहरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा साहब के संविधान के अनुरूप गरीबों को ताकत दी है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव के पूर्णिया में महागठबंधन को नहीं तो एनडीए को वोट देने की अपील को लेकर कहा कि अब महागठबंधन और तेजस्वी यादव अपनी हार स्वीकार कर चुके हैं, यही कारण है कि उन्होंने ऐसा कहा है। मुझे खुशी है कि वे मेरे लिए अपील कर रहे हैं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि ओवैसी ब्रदर्स और सारे लोगों को मैं चुनौती के साथ कहता हूं कि वे इस चुनाव में घोषणा करें कि हम जनसंख्या नियंत्रण कानून लाएंगे। मैं समझ लूं कि वे अधिक बच्चा पैदा करने वाले समूह को समर्थन नहीं करते। विपक्ष के केंद्र सरकार पर हिटलरशाही के आरोपों पर उन्होंने कहा कि अगर हिटलरशाही होती तो ओवैसी की जुबान खुलती ? उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि वे भारत माता को गाली देते ?

### कन्नौज में ट्रक बस में टक्कर, चार मरे 30 घायल

कन्नौज। उत्तर प्रदेश में कन्नौज जिले के ठठिया क्षेत्र में मंगलवार तड़के स्लीपर बस और ट्रक की भिड़ंत में चार यात्रियों की मृत्यु हो गयी जबकि 30 अन्य घायल हो गये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति संवेदना जाहिर करते हुए राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के ठठिया थाने के पिपरौली गांव के पास तड़के गोरखपुर से दिल्ली जा रही स्लीपर बस आगरा एक्सप्रेसवे पर बस डिवाइडर पार करके ट्रक से टकरा गई। उन्होने बताया कि हादसे में चार यात्रियों की मृत्यु हो गयी है जिनकी पहचान की जा रही है। घायलों को इलाज के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

---

**मुख्यमंत्री ने बिहार की जनता को लिखा पत्र, 2005 से पहले की सरकार की दिलाई याद**

# आज देश-दुनिया में लहरा रहा है बिहार का परचम : नीतीश



- बिहार की सेवा ही हमारा धर्म, पूरा बिहार हमारा परिवार
- एनडीए सरकार में मिली बिहार को उसकी खोई हुई गरिमा

प्रात : किरण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दूसरे चरण में 26 अप्रैल को प्रदेश की पांच लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के पहले मंगलवार को एक पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने न केवल लोगों को 2005 से पहले की सरकार की याद दिलाई, बल्कि यह भी कहा कि बिहार की सेवा ही हमारा धर्म है। पूरा बिहार हमारा परिवार है। जदयू ने इस पत्र को अपने एक्स हैंडल से भी पोस्ट किया है। पत्र में कहा गया है कि आपको याद होगा कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। बिहार का खजाना खाली था।

सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। पत्र में आगे लिखा कि यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था। इसके बाद 2005 में घना अंधेरा छंटा। उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार को मौका दिया। और हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया। उन्होंने पत्र में एनडीए सरकार में किये गए कार्यों का जिक्र करते हुए पत्र में लिखा कि बिहार को उसकी खोई हुई गरिमा वापस मिली।

आज बिहार का परचम देश-दुनिया में लहरा रहा है। पत्र में उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आगे भी लाखों लोगों को सरकारी नौकरियां और रोजगार देते रहेंगे। नीतीश कुमार ने पत्र में लिखा कि बिहार की सेवा ही हमारा धर्म है। पूरा बिहार हमारा परिवार है। पत्र के आखिर में उन्होंने लिखा कि आपके संसदीय क्षेत्र में मतदान होने वाला है। हम सबका लक्ष्य इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने का है। उन्होंने लोगों से एनडीए के प्रत्याशी को वोट देने की अपील भी की।

**भागलपुर में मुख्यमंत्री ने किया रोड शो:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भागलपुर में निश्चय रथ पर सवार होकर रोड शो किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ जदयू प्रत्याशी अजय मंडल, गोपाल मंडल बुलो मंडल नजर आये। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री का एनडीए कार्यकर्ताओं ने शहर के सभी चौक चौराहों पर फूल बरसा कर जोरदार स्वागत किया। शहर के हवाई अड्डा मैदान से मुख्यमंत्री का काफिला निकलने के साथ ही एनडीए कार्यकर्ताओं और लोगों की भारी भीड़ मुख्यमंत्री के निश्चय बस के पीछे उमड़ पड़ी। बता दें कि महागठबंधन की ओर से जहांअजीत शर्मा चुनावी मैदान में हैं। वहीं जदयू के टिकट पर निवर्तमान जदयू सांसद अजय मंडल अपनी किस्मत आजमां रहे हैं।

### सीएम ने राजद पर साधा निशाना सरकार की गिनाई उपलब्धियां



नीतीश कुमार ने पूर्णिया में जनसभा को संबोधित करते हुए महागठबंधन से राजद समर्पित उम्मीदवार बीमा भारती पर जमकर हमला बोला है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमसे मिली तो पहले बोल नहीं पाती थी, हमने बोलना सिखाया। उसे पहले विधायक और फिर अब मंत्री बनाने की जिद कर रही थी। मंत्री बनाने से हमने इंकार कर दिया तो इधर से उधर चली गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाती हैं तो जाए, हम थोड़े ही रोकेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन्हें मौका मिला वह काम नहीं किए, सिर्फ परिवार में लगे रहे।

साथ ही तेजस्वी यादव पर भी खूब बरसे। उन्होंने कहा कि नया लड़का वोट मांगने जा रहा है, जो काम सरकार ने किया है उसे याद रखिएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि हमने साइकिल, पोशाक, छात्रवृत्ति शुरू की। पुरानी बात मत भूलिए। पहले सरकार हिंदू-मुस्लिम में लड़वाती थी, जब मेरी सरकार बनी कभी कोई हिंदू-मुस्लिम आपस में भिड़ा ? बिहार में ये स्थिति सुधरी, आगे बिहार को और बदलना है। ग्रामीण के बाद अब शहरी क्षेत्र में जीविका दीदी को जोड़ेंगे। 2020 से हमने कोशिश की 10 लाख नौकरी और रोजगार देने की 4 लाख नौकरी दी। 1 लाख और नौकरी पर काम चल रहा है। जरूरत पड़ी तो और 10 लाख नौकरी देंगे। प्रारंभिक शिक्षक नियोजन में 50 फीसदी आरक्षण दिया। देश में कहीं पंचायती राज में 50 फीसद आरक्षण कहीं नहीं था।

इसे मैंने संभव किया। बिहार में 30 हजार महिला पुलिस हैं, ये संख्या देश में कहीं नहीं है। सरकारी नौकरी में भी 35 फीसद आरक्षण दिया। बालिका शिक्षा से प्रजनन दर में कमी आई। वहीं संबोधन एनडीए से जेडीयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा को माला पहनाकर वोटिंग की अपील की। सीएम नीतीश कुमार ने पूर्णिया में किए गए कार्यों को गिनाते नजर आए। उन्होंने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट के काम में देरी हो रही थी, 52 एकड़ जमीन भी उपलब्ध कराई। जल्द ही पूर्णिया एयरपोर्ट का काम पूरा होगा। हमने न सिर्फ शहर का बल्कि गांव की तस्वीर भी बदली है। सभी पंचायतों में पंचायत भवन बनवाया। कोई एक नहीं, पूरा बिहार मेरा परिवार है।

---

# दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों का आरक्षण कभी नहीं होगा खत्म : मोदी

**पीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना**

प्रात : किरण



टोंक/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर उसकी सोच हमेशा तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति करने एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आरक्षण में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को खुले मंच से गारंटी दी है कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण न कभी खत्म होगा और नही ही धर्म के नाम पर इसे बांटने दिया जायेगा।

मोदी टोंक जिले के उनियारा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति करने की रही है और वर्ष 2004 में केन्द्र में जब उसकी सरकार बनी तब उसका सबसे पहले काम आंध्रप्रदेश में अनुसूचित एवं अनूसूचित जनजाति के आरक्षण में कमी करने का प्रयास था। यह उनका एक पायलट प्रोजेक्ट था जिसे पूरे देश में आजमाना चाह रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2010 के बीच आंधप्रदेश में चार बार मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की गई लेकिन उच्चत्तम न्यायालय की जागरुकता के कारण इनके मंसूबे पूरे नहीं हो पाये। वर्ष 2011 में इसे पूरे देश में लागू करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों से आरक्षण छीनकर वोट बैंक की राजनीत के लिए इसे ओरों को देने का प्रयास किए गये जो संविधान की मूल भावना के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि जब कनार्टक में भाजपा की सरकार आई और हमे काम करने का मौका मिला तो पहला काम किया गया कि एस-एसटी से छीनकर कर जो आरक्षण कोटा निकाला गया था उसे खत्म कर दिया गया और जिसका हक था उसे सुरक्षित रखा गया। इससे देश में कांग्रेस के लोग आग बबूला हो गए और कहा गया कि मोदी समझता क्या अपने आप को। श्री मोदी ने कहा कि मोदी संविधान को समझता हैं, वह उसकी पूजा करने वाला व्यक्ति है।

श्री मोदी ने कहा कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस और उसका गठबंधन जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों एवं पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करके वोट बैंक की राजनीति के लिए उनकी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे जबकि संविधान इसके बिल्कुल खिलाफ है। आरक्षण जो बाबा साहेब ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को दिया था उसे कांग्रेस और उसके गठबंधन ने उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे। उन्होंने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि क्या वह ऐलान करेगी कि संविधान में जो दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों को आरक्षण दिया गया है उसे कम करके मुसलमानों को नहीं देंगे। क्या देश के साथ यह वादा करेगी। उन्होंने दो दिन पहले अपने राजस्थान दौरे के दौरान दिए गए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने उस दौरान सत्य देश के सामने रखा, जिससे कांग्रेस और उसके गठबंधन में भगदड़ मच गई। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने भाषण में कहा था कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीन कर उसके खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची बैठी है।

जब तुष्टिकरण की राजनीति का पदार्फाश किया गया तो कांग्रेस को मिर्ची लगी और इसके बाद हर तरफ मोदी को गालिया देने में लग गए। उन्होंने कहा कांग्रेस से जानना चाहते है कि आखिर कांग्रेस सच्चाई से डरती क्यों है, नीतियों को छिपाने में क्यों लगी है, आपका एजेंडा बाहर आ गया हैं तो कांप रहे हो, हिम्मत है तो स्वीकार करो, हम मुकाबला करने के लिए तैयार है। देश को साफ बताना चाहता हूं कि कांग्रेस वोट बैंक के दलदल में इतना फंसी हुई है कि उसे बाबा साहब के संविधान की परवाह ही नहीं हैं और उनके नेता कह रहे है कि देश में पूरा एक्सरा किया जायेगा और जिसकी संपत्ति जरुरत से ज्यादा होगी उसे जब्त कर लोगों को बांटा जायेगा। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान के साथ किस प्रकार खिलवाड़ की कोशिश की है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने बयान में कहा था कि मुसलमानों का देश की संपत्ति पर पहला हक है।

---

# कश्मीर में अब तिरंगा फहर रहा है : रामदास

**बिहार की सभी सीटों पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया का एनडीए को समर्थन**

प्रात : किरण




पटना। केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख रामदास अठावले ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज कश्मीर में तिरंगा लहर रहा है। वहां आतंकवाद करीब -करीब समाप्त हो गया है और पर्यटक आ रहे है। आज लोगों को वहां आरक्षण भी मिलने लगा है। पटना स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी आज नरेंद्र मोदी को समर्थन करती है।

उन्होंने कहा कि बिहार में हमारी पार्टी उतनी मजबूत नहीं है फिर भी हमारी पार्टी बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए के समर्थन कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजद को अगर सत्ता मिली तो फिर जंगलराज की तस्वीर नजर आएगी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान की पत्नी को तेजस्वी यादव की सभा मे गाली दिलवाई जा रही है। उन्होंने राजद शासनकाल की चर्चा करते हुए कहा कि उस दौर में जातीय नरसंहार आम हो गयी थी। उन्होंने कहा कि जब लालू प्रसाद ही दलित नेताओं को अपमानित करते रहे हैं आज उनके पुत्र और कार्यकर्ता भी वही कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि एनडीए के आने के बाद दलितों का विकास हो रहा है। दलितों की हर क्षेत्र में भागीदारी बढ़ी है।

राजनीति में भी वे अब ज्यादा संख्या में आ रहे हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि राजद काल मे ही दलितों का नरसंहार क्यों किया गया, यह सबसे बड़ा सवाल है। आज राजद वाले सबसे बड़ा सामंती वर्ग हैं। राजद समर्पित गुंडे ही आज दलितों का अपमान कर रहे हैं और संविधान बचाने का प्रपंच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने राजनीति का स्तर गिरा दिया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि महागठबंधन वाले हार देखकर बौखला गए है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी संविधान बचाने वाले नेता हैं। आज देश मे लोकतंत्र है और इसे मजबूत करने का काम एनडीए कर रही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि संविधान कोई नहीं बदल सकता है। श्री अठावले ने बिहार के लोगों को एनडीए प्रत्याशी को जीताने की अपील करते हुए विश्वास जताया कि बिहार में सभी 40 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी जीतेंगे।

---

# दल बदल कानून को मजबूत किया जाए, चुनाव में मुफ्त के उपहार खत्म हों: नायडू

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली/एजेंसी। पूर्व उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि नेताओं द्वारा बार-बार दल बदलना परेशान करने वाला है। उन्होंने दल बदल कानून को और मजबूत करने का आह्वान किया। पद्म पुरस्कार मिलने के बाद अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि चुनाव के दौरान कोष के प्रबंधन के बिना मुफ्त के उपहार देने की घोषणा हानिकारक परिपाटी है और इसे हतोत्साहित किया जाना चाहिए और लोगों को भी दलों एवं नेताओं के इन बड़े-बड़े वादों पर सवाल करना चाहिए। नायडू को सोमवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा, दलबदल को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। हमें दलबदल रोधी कानून को मजबूत करना चाहिए। पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा, अब, चिंता की बात यह है कि सार्वजनिक जीवन में मानकों में गिरावट आ रही है। राजनीतिक दलों में, लोग अक्सर अपनी पार्टियां बदलते हैं। नवीनतम प्रवृत्ति यह है कि लोग सुबह एक पार्टी में होते हैं और शाम को दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं और फिर वे अपने नेता की आलोचना करते हैं और दाएं-बायें बातें कहते हैं, उनमें से कुछ को टिकट मिलने में भी वरीयता मिलती है। उन्होंने कहा, यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और लोगों को इससे बचना चाहिए। लोगों को दलों में काम करना चाहिए और अपनी साख साबित करनी चाहिए। अगर कोई पार्टी बदलना चाहता है, तो उसे उस पार्टी द्वारा दिए गए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। कोई भी समझ सकता है कि आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है वह आरोप नहीं बल्कि अनुचित व्यवहार है।

---

### पटना साहिब से अंशुल अविजित कांग्रेस उम्मीदवार

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजित को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। अविजित इस सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद को चुनौती देंगे। प्रसाद इस लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान में सांसद हैं। कांग्रेस बिहार में महागठबंधन के तहत कुल नौ सीट पर चुनाव लड़ रही है। उसने इन सभी नौ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक कुल 302 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

### अदालत ने केजरीवाल, कविता की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ाई

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को सात मई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आम आदमी पार्टी नेता श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय से संबंधित मामलों की विशेष जज कावेरी बावेजा ने आबकारी नीति से संबंधित मामले की आरोपियों में शामिल भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता और एक अन्य आरोपी चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री केजरीवाल समेत तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया। श्री केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था। समन की अनदेखी के बाद ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था।

---

**मुकाबला**

**मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी एनडीए तो महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी इंडिया के प्रत्याशी**

# समस्तीपुर में रोचक मुकाबला, दो मंत्री के बेटा-बेटी आमने-सामने

प्रात : किरण





समस्तीपुर। लोकसभा चुनाव में इस बार समस्तीपुर सीट पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस सीट पर 12 मई को चुनाव होने हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खास बात यह है कि इस सीट पर दो कद्दावर नेताओं के बेटा-बेटी चुनावी मैदान में हैं। बता दें, एनडीए ने जहां इस सीट पर नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने सन्नी हजारी को कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित किया है। सन्नी हजारी बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं।

इस तरह नीतीश सरकार के दो मंत्रियों के बेटे-बेटी के बीच ये मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। एक एनडीए की और से दूसरा महागठबंधन की ओर से। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शांभवी चौधरी 19 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल कर चुकी हैं। वहीं, सन्नी हजारी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उधर, दोनों ही उम्मीदवार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जनता को अपने पक्ष में करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी के नामांकन के बाद आयोजित आशीर्वाद सभा के दौरान एनडीए घटक दल के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। उस मंच पर महेश्वर हजारी कहीं नजर नहीं आए। समस्तीपुर सुरक्षित सीट से पहली बार चुनावी रण में अपना भाग्य आजमा रही एनडीए प्रत्याशी शाम्भवी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही हैं। शांभवी ने मंत्री महेश्वर हजारी को नसीहत देते हुए कहा कि जो जिस पार्टी में होते हैं, उन्हें पार्टी धर्म का पालन करना चाहिए। इससे बड़ा कोई धर्म नहीं होता राजनीति में। उनके पिताजी का भी हम आशीर्वाद मांगेंगे। वो हमारे एनडीए दल के खास सदस्य हैं। वह उम्मीद करती हैं कि वह अपने राजनीतिक धर्म का पालन करेंगे।

**चिराग ने मंत्री महेश्वर हजारी पर साधा निशाना :** लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल महेश्वर हजारी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये बात किसी से छिपा नहीं है कि महेश्वर हजारी का परिवार हमेशा हमारे परिवार और पासवानों के खिलाफ रहा है। मेरे पिता रामविलास पासवान के निधन के बाद पासवान परिवार को तोड़ने में महेश्वर हजारी की अहम भूमिका रही। ये तो वो लोग है, जिन्होंने हमेशा से पासवानों को किस तरह समाप्त किया जाए, इसका प्रयास करते रहे। आज फिर उसी बात का उदाहरण सामने देखने को मिल रहा है। आज ये उनकी पार्टी के साथ चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके घटक दल ने मेरे परिवार को गाली दी और हमेशा रामविलास पासवान जी के खिलाफ राजनीति की। साल 2009 में इन्होंने हमारे चाचा रामचंद्र पासवान के सामने चुनाव लड़ा। हमेशा से इनकी सोच पासवानों के खिलाफ रही। उन्होंने आगे कहा कि अभी चुनाव का समय है और हम सब जनता के बीच हैं। दरअसल समस्तीपुर सीट पर एनडीए समर्थित लोजपा (रा) ने जहां नीतीश के मंत्रिमंडल में शामिल अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी को उम्मीदवार बनाया है, वहीं कांग्रेस ने नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

---

### पीएम मोदी ने राजनीति की संस्कृति और परिभाषा बदली : नड्डा

प्रात : किरण



भोपाल/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास कर रहा है और विकसित भारत बनने के रास्ते पर है। वहीं प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को बदल दिया है।

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के समर्थन में आयोजित जनसभा में हनुमान जयंती की शुभकामनाएं और बुंदेलखंड के महापुरुषों को याद करते हुए जेपी नड्डा ने कहा, वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजनीति की परिभाषा, राजनीति की संस्कृति, राजनीति का ढर्रा और राजनीति की सोच 10 साल में बदल चुकी है। भाजपा अध्यक्ष ने वर्ष 2014 से पहले के हालात की चर्चा करते हुए कहा, 10 साल पहले जनता ही कहती थी राजनीति में कुछ बदलाव नहीं आएगा, यह तो ऐसे ही चलेगा। निराशा का वातावरण इस स्थिति में था कि लोग कहते थे कि कुछ नहीं बदलने वाला है। आज वही भारत का सामान्य मानव कहने लगा है कि देश बदल रहा है और देश विकसित हो रहा है। विकसित होने के रास्ते पर चल पड़ा है। नड्डा ने कश्मीर से धारा 370 खत्म किए जाने और अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कहा, यह सांसद वीरेंद्र कुमार का चुनाव नहीं है। यह चुनाव वीरेंद्र के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का संकल्प लेने वाला है। इसलिए मजबूत सरकार, स्थित सरकार और निर्णय लेने वाली सरकार चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### किताबों की कीमतों में 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी



जमुई गिद्धौर ।प्राइवेट स्कूल के बच्चों की किताबों पर महंगाई की मार से अभिभावक परेशान है ।नए सत्र में नामांकन के साथ ही प्राइवेट स्कूल की किताब एवं कॉपी के मूल्य के जगह पर 30 फीसदी तक वृद्धि हो चुकी है ।वहीं स्कूलों में मासिक फीस और एडमिशन चार्ज में भी 10 से 15% तक वृद्धि अभिभावकों को जेब पर भारी पड़ रहा है ।नामांकन शुरू होने से पहले ही स्कूली बच्चों को प्राइवेट स्कूलों के द्धारा किताब एवं कॉपी की लिस्ट दी गई है ।और चिन्हित दुकानदार से किताब कॉपी खरीदने के लिए बच्चों की मजबूरी है ।मजबूरी के कारण प्राइवेट विद्यालय के डायरेक्टर द्धारा एवं किताब विक्रेता के साथगाठ से अभिभावक को काफी परेशानी हो रही है ।किताब कॉपी के मूल्य पिछले वर्ष से तुलना 25 से 30% बढ़ गए हैं ।बढ़े हुए मूल्य पर किताब कॉपी खरीदना बच्चों व अभिभावकों की मजबूरी बनी हुई है ।स्थानीय प्रशासन के द्धारा वह किसी तरह के शुद्धि नही लेने के कारण प्राइवेट स्कूलों संचालक एवं किताब विक्रेता चांदी काट रहे है ।सरकारी स्कूल में मम्मी पापा मुझे पढ़ाओं स्कूल में चलकर नाम लिखवाओ अभियान के तहत बच्चों को फ्री में किताब एवं पढ़ने लिखने की सरकार खर्च दे रही है ।वही दूसरे तरफ प्राइवेट स्कूलों में लूट मचा हुआ है ।

### कब्रिस्तान की भूमि बंटवारा को लेकर विवाद

महनार ।अभी तक आपने घर, दुकान व धन का बंटवारा की बात सुनी होगी किन्तु अब कब्रिस्तान की भूमि बंटवारा के लिए भी विवाद शुरू हो चुका है । महनार नगर के वार्ड 6 में एन एच 122बी के किनारे एक कब्रिस्तान है तथा इसके आगे के हिस्से में दस दुकान है । इस दुकान का किराया मरहूम जकीर अहमद के परिजन उठाते आ रहे है किंतु विगत तीन माह पूर्व बगल के ही एक परिवार ने इस कब्रिस्तान में अपनी हिस्सेदारी जताते हुए दो दुकानों पर कब्जा जमा लिया है इसको लेकर मरहूम जकीर अहमद की विधवा ने महनार के थानाध्यक्ष को पत्र दे कर न्याय की गुहार लगाई है किंतु तीन माह गुजरने के बाद भी पुलिस की कारवाई शून्य है । विदित हो कि सरकार के आदेश पर हर शनिवार को थाना पर थानाध्यक्ष व अंचलाधिकारी की उपस्थिति में भूमि विवाद निबटारा हेतु शिविर लगाई जाती है किंतु इस शिविर में भी थानाध्यक्ष ने इस मामला को नही रखा है । रोचक बात यह है कि अब कब्रिस्तान की भूमि के लिए भी लोगों ने लड़ाई शुरू कर दी है मतलब मरने के बाद भी मुर्दे कब्रिस्तान में शांति से नही रहेंगे क्योंकि जब विवाद होगी तो पुलिस की चहलकदमी, अमीन के द्वारा भू मापी एवं अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कब्रिस्तान में ही किया जाएगा जिससे कब्रिस्ताब कि शांति व पवित्रता भंग होने का भय है ।

### जेडीयू प्रत्याशी ने जन संपर्क अभियान के अंतर्गत वोट की अपील

मधेपुरा । जदयू प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव के समर्थन में बिहार सरकार की परिवहन मंत्री शीला मंडल ने मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के मुरलीगंज प्रखंड अंतर्गत जोरगामा, जीवछपुर, रतन पट्टी पंचायत के विभिन्न गांव और वार्डों में जनसंपर्क अभियान चलाया । इस दौरान नुक्कड़ सभा के माध्यम से उन्होंने बिहार और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा । उन्होंने लोगों से उनकी समस्या जानी और निदान का भी भरोसा दिया । श्रीमती मंडल ने जनता से विकास के नाम पर वोट मांगा । इस मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनोज मंडल, सुरेन्द्र यादव, विनोद कुमार सिंह, सहित दर्जनों गठबंधन के कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान में एक जुट होकर आमलोगों से एनडीए के उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगा ।

### चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की उपस्थिति में ईवीएम का हुआ द्वितीय रेण्डमाइजेशन

मधुबनी । जिले में स्वच्छ निष्पक्ष एवम पारदर्शी निर्वाचन की प्रकिया को संचालित करने को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की उपस्थित में द्वितीय चरण के झंझारपुर लोकसभा के ईवीएम का रेण्डमाइजेशन किया गया । द्वितीय रेण्डमा इजेशन के उपरांत अब ईवीएम का आवंटन मतदान केन्द्रवार सम्पन्न हुआ ।इसके पूर्व नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित प्रत्याशियों एवम राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को पूरी रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी ।सामान्य प्रेक्षक-07 झंझारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक पी. मधुसुधन रेड्डी निवार्ची पदाधिकारी-07 झंझारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र शैलेश कुमार नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग बालेन्दु नारायण पाण्डेय सहित चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी उपस्थित थे ।

# डीएम ने की सेक्टर पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर । लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सेक्टर पदाधिकारियों के कार्यो की समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा आज समाहरणालय सभा कक्ष में किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी सेक्टर पदाधिकारी मतदान की पूरी प्रक्रिया को अच्छी तरह से सीख – समझ लें। आधी –अधूरी जानकारी के साथ फील्ड में न जाएं। मतदान प्रक्रिया को बारीकी से समझे तथा अपने दायित्व पर ध्यान दें। सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम भौतिक सुविधा का निरीक्षण स्वयं करते हुए उसे दुरस्त करवा दें। प्रखंड विकास पदाधिकारी / अंचलाधिकारी के साथ सभी बूथ पर भ्रमण कर




लेने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 70% मतदान का लक्ष्य रखा है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं तथा पेयजल.,शेड, रोशनी, व्हील चेयर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बीएलओ के साथ बैठक करने , मतदाताओं से मिलने और उन्हें मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया।

नगर क्षेत्र में मतदान पर्ची वितरण का कार्य कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अपने स्तर से करवाएं तथा प्रत्येक वोटर तक मतदान पर्ची ससमय पहुंच जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ के साथ बैठक कर ससमय मतदाता पर्ची वितरण करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम, एडीएम (आपदा), उप निर्वाचन पदाधिकारी, हाजीपुर सदर अनुमंडल पदाधिकारी के साथ सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी , वरीय पदाधिकारी और सभी सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विजायोत्सव पर श्रद्धा से याद किए गए बाबू वीर कुंवर सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। लोक संस्कृति चेतना मंच बलवा कुंवारी में 1857 के क्रांति के नायक, बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला इसके साथ ही लोक संस्कृति चेतना मंच के संस्थापक एवं बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव को जन- जन तक पहुंचने वाले पत्रकार,साहित्यकार,रंगकर्मी एवं इतिहासकार स्वर्गीय तेज प्रताप चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में विजय प्रताप सिंह, पूर्व जिला परिषद अवधेश कुमार सिंह, ज्ञान प्रताप चौहान, शिवाजी सिंह भंडारी, परमानंद सिंह, राजीव सिंह मुन्ना ,तारक चौहान ,अमर प्रताप, राजू पासवान, प्रिंस चौहान ,अनिल सिंह आर्मी ,मनी पटेल ,कृष्ण कुमार, राम नरेश सिंह,शंभू सिंह, संतोष शर्मा ,राकेश पासवान, गब्बर सिंह ,विनोद सिंह, गौतम नवल सिंह, वीरेंद्र सिंह ,पुतुल सा, अनिल कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# पेड़ गिरने से 60 वर्षीय व्यक्ति की दबकर हुई मौत

सहदेई बुजुर्ग। सहदेई बुजुर्ग थाना के बाजितपुर चकस्तुरी पंचायत के वार्ड संख्या 2 में पीपल का पेड़ गिरने के कारण पेड़ से दबकर एक 60 वर्षीय व्यक्ति एवं एक बकरी की मौत हो गई ।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी कर रही है ।घटना के संबंध में बताया गया कि वार्ड संख्या बाजितपुर चकस्तुरी पंचायत के वार्ड संख्या दो स्थित एक पुराना पीपल का पेड़ गिरने से पेड़ के नीचे बैठे स्थानीय निवासी स्वर्गीय कमल राय के पुत्र 60 वर्षीय जलेशर राय दब गए ।जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई ।साथ ही एक बकरी की मौत भी हो गई ।घटना के संबंध में बताया गया कि जलेशर राय अपनी बकरी के साथ पीपल के पेड़ के पास ही बैठे थे ।तभी अचानक पुराना पीपल का पेड़ जड़ से टूट कर गिर गया ।जिससे वह डाल के नीचे दब गए ।जिस कारण बकरी और जलेशर राय दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।घटना के बाद मौके पर दर्जनों लोगों की भीड़ जमा हो गई ।सूचना पर पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार राय,हकीमुद्दीन खान एवं दीपक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ।पुलिस ने स्थानीय लोगों ने मिलकर शव को किसी प्रकार डाल के नीचे से निकाला ।बताया गया कि जलेशर राय अपने घर पर ही रहते थे।

# तेजस्वी यादव अपने कार्यकर्ताओं को दिमाग ठंडा रखने के लिए सत्तू खिलाना चाहिए : चिराग

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह एनडीए प्रत्याशी हाजीपुर में कई कार्यक्रमो में शामिल हुए ।देसरी प्रखण्ड के कलिका स्थान लखनपुर लाल में आयोजित अखण्ड ज्योति अष्टयाम यज्ञ में शामिल हुए एवं हेलाबजार में नगर परिषद हाजीपुर के उपसभापति कचन कुमारी के पारिवारिक शादी में शामिल होकर वर वधु को बधाई व शुभकामनाएं दी।



वही पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री चिराग ने कहा कि पहले चरण में सभी चार सीटें एनडीए जीत रहा है, दूसरे चरण के लिए प्रचार कर रहे हैं, जहां जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है ।इसलिए यह तय है कि बिहार की सभी 40 की 40 सीटों पर एनडीए जीत हासिल करेगा। चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव द्वारा अमित शाह को सत्तू पीने की सलाह देने वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सबसे पहले तेजस्वी यादव को अपने कार्यकताओं को दिमाग ठंडा रखने के लिए सत्तू खिलाना चाहिए, ताकि वह अपशब्दों का प्रयोग ना करें ।चिराग पासवान ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि शुक्र है. कांग्रेस ने किसी तरह अपने लिए उम्मीदवारों का जुगाड़ कर लिया , वर्ना समस्तीपुर जैसी सीट बिना नामांकन के रह जाती। अगर हमारे परिवार के लोग उधर नहीं जाते तो मुजफ्फरपुर में कांग्रेस को कोई उम्मीदवार भी नहीं मिलता। सभी उम्मीदवार उधार के उम्मीदवार बनाए गए हैं। चिराग पासवान ने कहा है की 2 मई को वह हाजीपुर लोकसभा से नामांकन दाखिल करेंगे। स मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष असरफ अंसारी, अवधेश सिंह, विनोद कुमार राय, राजकुमार पासवान, संगीता देवी,संतोष शर्मा, श्री कान्त पासवान, संतोष स्वराज, राकेश पासवान, मनोज सिन्हा, नौशाद खान, सूरज पासवान, शम्भू पासवान, सौरभ यादव,इंदल पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# महुआ के अनेकों विद्यालयों में श्रद्धापूर्वक मनाई गई वीर कुंवर सिंह की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ। महुआ प्रखंड क्षेत्र के अनेकों विद्यालयों में बाबू वीर कुंवर सिंह की 164वीं विजयोउत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर, महुआ के बाल संसद सभागार में बाबु वीर कुंवर सिंह जी की जयंती समारोह मनाई गई। इस विजयोउत्सव समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं श्री सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि आज बाबू वीर कुंवर सिंह के शौर्य एवं पराक्रम के उत्कृष्टता के प्रदर्शन को प्रदर्शित करने वाला पावन दिन है, यह दिन प्रत्येक भारतवासियों के लिए गर्व एवं प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रीयता एवं अखंडता को सुनिश्चित करने वाले सभी महान पुरोधा के बारे में जन-जन तक उनकी जीवनी पहुंचे,



ऐसे कार्यक्रम की व्यवस्था व्यापक रूप से सरकार को करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक ने विस्तार से बाबू वीर कुंवर सिंह के संघर्ष,त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी, सुमन लता ,संजय कुमार ,मोहम्मद अफजल हुसैन, संगीता कुमारी, सारिका कुमारी, विनीता कुमारी, सजीना परवीन, आशा कुमारी, के अलावा छात्र- छात्रा उपस्थित थे। वही इस मौके पर महुआ नगर परिषद क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में प्रभारी प्रधानाध्यापक राम लगन भारती की अध्यक्षता में जयंती समारोह आयोजित किया गया।

# विद्यालय में मनाई गई वीर कुंवर सिंह जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई गिद्धौर ।मंगलवार कों प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतसंडा में बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह की शुरूआत प्रधानाचार्या युगल किशोर रजक ने बाबू वीर कुंवर सिंह के तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर माल्यार्पण की। प्रधान शिक्षिका ममता दास ने बताया कि बाबू वीर कुंवर सिंह को भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रूप में जाना जाता है, जो 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने तथा विजय हासिल करने का क्षमता रखते थे ।अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी बाबू वीर कुंवर सिंह



कुशल सेना नायक थे। अपने ढलते उम्र और बिगड़ते सेहत के बावजूद भी उन्होंने कभी भी अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके बल्कि उनका डटकर मुकाबला किया। जबकि सुशील रजक ने बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। जयंती समारोह का संचालन नीलम कुमारी ने की। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेतर व छात्र मौजूद थे।

# लोक सभा संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में होंगे निर्दलीय समेत 8 उम्मीदवार

## एक भी प्रत्याशियों ने नही लिया अपना नाम वापस : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इस बार 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। एक भी अभ्यथीर्यो ने नाम वापस नहीं लिया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम विजय प्रकाश मीणा ने प्रेस वार्ता कर उक्त बातों की जनकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 अभ्यर्थियों ने 22 सेट में अपना नामांकन दाखिल किया था। जिसमें से स्क्रुटनी के दौरान 7 अभ्यर्थियों का नामांकन अवैध पाया। इस तरह शेष बचे निर्दलीय समेत आठ अभ्यर्थियों को आज चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के




दौरान हीं मतदान कर्मियों का वोटिंग कराया जाएगा। साथ हीं जिले के 239 कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर जागरूकता अभियान और तेज किया जाएगा। एवं मतदाताओं को चुनाव संबंधित जानकारियां साझा करने व शिकायत दर्ज कराने के लिए घर-घर जाकर चुनाव आयोग का हेल्पलाइन एप, सिविजिल की जानकारी दी जाएगी। वहीं भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रशासन तत्पर है। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह डीएम विजय प्रकाश मीणा ने बताया कि वैध अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। जिसमें से तीन रजिस्ट्रीकृत मान्यता प्राप्त दल के उम्मीदवारों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है जहां जदयू के दिनेशचंद्र यादव को तीर, राजद के डॉ. कुमार चंद्रदीप को लालटेन, तथा बीएसपी के मो. अरशद हुसैन को हाथी चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। इसके अलावा अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों को भी चुनाव आवंटित किया गया। जिसमें युवा क्रांतिकारी पार्टी के अजबलाल मेहता को तरबूज, समझदार पार्टी के उच्चेश्वर पंडित को बल्ला, भारतीय जनक्रांति दल (डेमोक्रेटिक) के कामेश्वर यादव को मोतियों का हार, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के जवाहरलाल जायसवाल को बैट्री टॉर्च और आदर्श मिथिला पार्टी के सुरेश्वर पौद्दार को गैस का चुल्हा चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। वहीं इस दौरान मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने मीडिया कर्मियों को संबोधित कर कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर जिले में पर्याप्त बलों की तैनाती की जाएगी बाहर से अलग अलग बटालियन के पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में मौजूद है वहीं जिले के खासकर 12 जगहों पर सघन जांच हेतु ब्रेकेटिंग लगाया गया है सभी वाहनों की जांच लगातार की जा रही है ताकि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखा जा सके।

# रास्ता की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की उग्र प्रदर्शन

## मांग पूरी नहीं होने पर वोट बहिष्कार का लिया निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिले के मानिकपुर गांव में सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया वहीं मांग पूरी नहीं होने पर वोट का बहिष्कार करने की बात कही। दरअसल मधेपुरा जिला के भराहीं थाना क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर गांव में रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि पहले मानिकपुर चौक से गांव की ओर रेलवे पटरी पार कर जाते थे अब पटरी के दोनों ओर सड़क बनी हुई है, लेकिन कुछ माह पूर्व रेलवे ने पटरी के दोनों तरफ पिलर गाड़ कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है।

जिससे खासकर ग्रामीणों को भारी परेशानी के दौर से गुजरना पड़ रहा है। रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। वहीं



इस मसले को लेकर ग्रामीण अशोक कुमार, नवीन उर्फ पलटू यादव, दिनेश कुमार मंडल, अंजेश कुमार, बद्री यादव, मुरली यादव, ब्रजेश यादव, मिथिलेश यादव, गौतम कुमार, विनोद कुमार, संजीत कुमार, संजीव कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने कहा कि वार्ड एक और दो के लोगों को इस वजह से काफी परेशानी होती है। खासकर आने वाले बारिश के समय में स्थानीय लोगों को आवागमन को लेकर और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनलोगों ने बताया कि एनएच पर पहुंचने के लिए पहले जहां महज 500 मीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब दूसरी तरफ से लगभग 5 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जिला प्रशासन और सरकार इन समस्याओं का निदान नहीं करते है तब तक हम लोग वोट का बहिष्कार करेंगे। चुकी मतदान केंद्र भी रेलवे पटरी के दूसरी तरफ है। रास्ता नहीं रहने के कारण कई किलोमीटर दूरी तय कर बूथ पर भी जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि पटरी के बगल में उनलोगों के लिए रास्ता बनवाया जाए या नहीं तो पटरी के नीचे से अंडर पास बनवाया जाए। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो इस बार हम सब ग्रामीण पूरी तरह वोट बहिष्कार करेंगे।

# विद्यालयों में आयोजित जयंती पर वीर कुंवर सिंह की बतायी गयी गाथा

मोतिहारी। बनकटवा प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनकटवा (बालक) में मंगलवार को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। मौके पर शिक्षकों व छात्रों ने बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर विधिवत माल्यार्पण के बाद दीप जलाते हुए विजयोत्सव दिवस के रूप में मनाया ।उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने बच्चों के



बीच बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय के सहायक शिक्षक संतोष मणि तिवारी ने कहा कि 1857 की क्रांति में बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों को खदेड़कर जगदीशपुर में अपना झंडा फहराया था ।हमें उनके आदर्शो को अपनाकर उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। वैसे तो बिहार की धरती पर कई वीर योद्धाओं को जन्म दिया है लेकिन बाबू वीर कुंवर सिंह एक ऐसे वीर योद्धा थे जो हर मायने मे खास थे ।जिसने अपने युद्ध कला से अंग्रजों के पसीने छुड़ा दिए और ये कभी अंग्रजों के हाथ नही आए। अंग्रेजों ने जब-जब इन्हें पकड़ने की कोशिश की तो उन्हें मुंह की खानी पड़ी । वे 1857 की क्रांति के एक नायक थे ।वे एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने 80 वर्ष की आयु मे भी कभी अंग्रेजों के आगे झुके नहीं। मौके पर शिक्षक परशुराम प्रसाद, संजीव कुमार, अनिल कुमार मंडल शिक्षा सेवक किशोर बैठा सहित रसोईया विनोद मली उपस्थित थे।

# उप डाकघर खजौली का सर्वर 12 दिनों से खराब, उपभोक्ताओं को परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। खजौली उप डाकघर खजौली को पिछले 12 दिनों से सर्वर खराब है। जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी समस्याओं का समाना करना पड़ रहा है। डाकघर का सर्वर खराब होने से ऑनलाईन होने वाली कैश का लेन-देन, रैकरिंग परिपक्वता,



रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट एवं पार्सल बुकिंग बाधित है। कार्य बाधित रहने के कारण उपभोक्ताओं की जमा निकासी नही हो पाता है। कन्हौली गांव के उपभोक्ता संजीव कुमार ने कहा कि उनके यहां उपनयन संस्कार था। डाकघर में राशि निकासी नहीं होने के कारण तिथि बढ़ानी पड़ी है। सर्वर खराब होने के कारण शादी उपनयन एवं मुंडन संस्कार टल रहा है। उप डाकघर में कार्य बाधित होने के कारण आम उपभोक्ताओं में आक्रोश रहता है। कार्यालय में आकर कर्मचारियों पर बरस जाते है। क्या कहते है लिपिक लिपिक गंगा कुमार ने कहा कि विभाग को इसकी सूचना दी गई है। सिस्टम अपडेट हुआ है। लेकिन सर्वर काम नही कर रहा है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सिस्टम एडमिन को भेजा जायेगा जो अबतक नहीं आया है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

## मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएँ मानक के अनुरूप ससमय कराने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने मंगलवार को बगहा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों हेतु विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

भ्रमण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजकीय प्राथमिक विद्यालय,मलपुरवा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 111, 112, 113, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, उर्दू, रत्नमाला में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 107, 109, रामनरेश राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बुधवारिया में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 84, 85, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गौरैयापट्टी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 93, 94,95, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, वाणी पट्टी में अवस्थित



मतदान केंद्र संख्या 96, 97, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बबुई टोला में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 82, 83 पहुँचे और लोक सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए। उन्होंने निर्देश दिया कि दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गए रैम्प का निर्माण मानक के अनुरूप कराया जाय, ताकि दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओ को कोई असुविधा नहीं ही। साथ ही मतदान केन्द्रों पर वेटिंग रूम, आवश्यकतानुसार शेड, बेंच, कुर्सी, शौचालय, पंखा, पेयजल, बिजली, व्हील चेयर सहित वेबकास्टिंग के लिए अतिरिक्त सॉकेट, यदि मतदान केंद्र में दो द्वार हो तो एक पर प्रवेश और दूसरे पर निकास का लेखन, बूथ का दीवार लेखन आदि कार्य समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिया कि समय पर मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त होते ही समय पर उसका वितरण करा देंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रॉस वेरिफिकेशन कराएंगे। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों को मतदाताओ से फीडबैक लेने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विद्यालय प्रभारी को रसोईओ को निर्देशित करने का निर्देश दिया ताकि मतदान दिवस को भुगतान के आधार पर मतदान कर्मियों को भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रत्नमाला उर्दू मतदान केंद्र निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि खुले नाली को ढकवाने की व्यवस्था की जाय। साथ ही मतदाताओं के आने-जाने के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वृद्ध (85+) मतदाताओ के लिए ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था की जाएगी। होम वोटिंग की भी व्यवस्था होगी। दो बार बीएलओ वृद्ध (85+) मतदाताओं के यहां जाएंगे, नहीं मिलेंगे तो वोट नहीं दे पाएंगे। होम वोटिंग के लिए रुट चार्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि 85+ के मतदाताओं को उनके घर पर ही मत का प्रयोग करने की सुविधा दी जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन के दौरान 25 मई को अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें इसके लिए मतदाताओ को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसलिए सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बी एल ओ, अपने क्षेत्र का लगातार भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह सहित बीडीओ, सीओ, बीईओ, बगहा-01 एवं 02 उपस्थित थे।

# बाबू वीर कुंवर सिंह की विजय उत्सव पर माल्यापर्ण व पुष्पांजलि अर्पित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। खजौली बाबू वीर कुंवर सिंह चेतना मंच खजौली के द्वारा स्थानीय वीर कुंवर सिंह चौक मंगती मे बाबू वीर कुंवर सिंह जी के विजय उत्सव पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का विशाल आयोजन वरिष्ठ समाज सेवी दिलजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में किया गया। वही कार्यक्रम का संचालन विधान परिषद प्रतिनिधि युवा नेता कुंदन कुमार सिंह के द्वारा किया। इस कार्यक्रम के दौरान बाबू वीर कुंवर सिंह चौराहे पर वीर कुंवर सिंह जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि समाजिक लोगों के द्वारा क्रमबद्ध श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए दतुआर पंचायत समिति सदस्य श्रीनाथ नागमणि सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुमार सिंह अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ भारत के प्रथम स्वतंत्रता



संग्राम आंदोलन के नेतृत्वकर्ता के रुप अग्रणी सिपाही रहे। उन्होंने ने भारत से अंग्रेजी शासन खत्म हो उनकी आत्मीय इच्छा थी। भारतीय इतिहास में उनकी कुबार्नी को भुला नहीं जाएगा। वही वीर कुंवर सिंह चेतना मंच के संयोजक संजय कुमार सिंह एम्स दिल्ली में इलाज रत अवस्था में बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय उत्सव हर्ष और उल्लास से मनाने हेतु खजौली क्षत्रिय समाज को बधाई संदेश देते हुए धन्यवाद दिया। वहीं समाजसेवी राजा सिंह कहा देश भक्ति का जज्बा को लेकर मातृभूमि को अंग्रेजों से आजादी करवाने के लिए अपने जख्मी भुजा को अपने हाथों से खुद बाई भुजाओ को काटकर गंगा मैया को अर्पित कर दिया। वही मोहन चौधरी ने कहा कि बाबू वीर कुवर सिंह जी के कुबार्नी को यह भुला नही सकता । राष्ट्रीय गौरव शाली इतिहास में खून से लथपथ क्षत्रिय समाज का कुबार्नी रहा। वही क्षत्रिय सोनू सिंह ने बाबू वीर कुँवर सिंह स्वतंत्रता आंदोलन पर विशेष चर्चा की। मौके पर समाज सेवी टुन्ना सिंह ,मोहन सिंह ,,मुकेश सिंह ,उदय सिंह, छोटे सिंह ,अवधेश सिंह ,विश्वविजय सिंह ,चिंटू सिंह, पवन सिंह, कुश सिंह ,त्रिलोकी नाथ सिंह ,सुमित सिंह,, अंशु सिंह, गुटलू सिंह, शक्ति सिंह, विनोद सिंह ,नितिन सिंह, सुजीत सिंह ,,छोटू सिंह, मुकेश सेन ,दिलखुश सिंह ,राजन सिंह, मनिष सिंह, पंकज सिंह ,कमल कुंवर, रंजीत सिंह ,ललन सिंह, रत्न कुमार सिंह, माधव सिंह ,अनिकेत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।

सम्पादकीय

# संकटों से घिरती दुनिया

डॉ. सुरेन्द्र कु. मिश्र

ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर पूरी दुनिया एक बार फिर संकटों से घिरती नजर आ रही है। ईरान ने इजराइल पर अपने ड्रोन और मिसाइलों से प्रतीक्षित पहला प्रत्यक्ष हमला कर दिया है। इजराइल सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी के अनुसार ईरान ने 300 से अधिक आत्मघाती ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइलों तथा क्रूज मिसाइलों द्वारा हमला कर दिया है। वास्तव में यह संकटपूर्ण स्थिति है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में युद्ध की घातक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी कैबिनेट की बैठक बुलाई और कहा, हमारी रक्षात्मक प्रणाली जहां तैयार, तैनात और तत्पर है वहीं अब हम रक्षात्मक तथा आक्रमणात्मक, दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं। इ वास्तव में यह तनाव और तनातनी उस समय चरम पर जा पहुंची जब इजराइल के 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले से ईरान के एक वरिष्ठ जनरल सहित सेना के सात अधिकारी मारे गए। उसी दिन इजराइल को दंडित करने की घोषणा, ईरान द्वारा सार्वजनिक रूप से कर दी गई थी। आखिरकार, आशंका हकीकत में बदल गई और ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से बौछार शुरू कर दी और कहा कि इजराइल ने हमले की जो पहल की थी, उसी का यह जवाब है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर यदि संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य के विरु द्ध सशस्त्र हमला होता है, तो वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अन्तर्निहित अधिकार को खराब नहीं करेगा, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय नहीं करती। ईरान ने इसका ध्यान रखते हुए 13 दिन बाद आखिरकार, इजराइल की कार्रवाई का बदला लिया। इस बहुउद्देशीय हमले का प्रमुख लक्ष्य इजराइल के एअर डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना रहा। ईरान ने इस हमले को ऑपरेशन टू प्रॉमिसइ नाम दिया और कहा कि यह इजराइल के अपराधों की सजा है। इस घटना से सतर्क इजराइल ने अपने आयरन ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव किए जो अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। ईरानी मिसाइलों ने नेगेव रेगिस्तान में इजराइली एयरबेस को भी तबाह कर दिया। तेहरान की खबर के अनुसार यहीं से इजराइल ने दमिश्क में हमला करके ईरानी दूतावास पर मिसाइलें दागी थीं। इस हमले के बाद इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र से ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। आईआरजीसी ईरानी सशस्त्र बलों की एक शाखा है, जिसकी स्थापना 22 अप्रैल, 1979 को अयातुल्ला रुहोल्ला मोसाबि खुमैनी के आदेश से ईरानी क्रांति के पश्चात की गई थी। हमास ने इजराइल पर ईरान के हमले का स्वागत किया है, और कहा कि यह एक प्राकृतिक अधिकार और योग्य प्रतिक्रिया है। ईरान ने इजराइल के साथ ही अमेरिका को भी चेतावनी दी है कि इजराइली सैन्य कार्यवाही का समर्थन न करे। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बखेरी ने स्टेट दूरदर्शन को बताया, अगर इजराइल ने ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की तो हमारी प्रतिक्रिया आज की सैन्य कार्रवाई से कहीं अधिक बड़ी होगी। यदि अमेरिका इजराइल को सहयोग देगा तो अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा। इअमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से कहा है कि अमेरिका इजराइल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा और किसी भी जवाबी कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। क्या इजराइली प्रधानमंत्री अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के लिए जवाबी कार्रवाई करके दुनिया के लिए संकट का एक नया द्वार खोल देंगे। इजराइल काउंटर कार्रवाई करता है तो निश्चित रूप से युद्ध का सिलसिला बढ़ता ही जाएगा। जल्द थमने का नाम नहीं लेगा। लेबनानी मीडिया की रिपोर्ट है कि इजराइल ने सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर हमला किया है जबकि जोर्डन का कहना है कि उसने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोजेक्टाइल को रोका है। इजराइल तथा अमेरिका के जेट विमानों ने सीरियाई हवाई क्षेत्र में दर्जनों ईरानी ड्रोनों को मार गिराया और वे सभी लक्ष्य के पूर्व ही निरस्त कर दिए गए। ये दर्जनों ड्रोन और मिसाइल दक्षिण सीरिया के डेरा प्रांत, सीरियाई गोलान हाइट्स और इराक के साथ सीमा पर पूर्वी सीरिया के अनेक स्थानों पर उड़ रहे थे। जॉर्डन के प्रधानमंत्री बिशेर खसावनेह का कहना है कि क्षेत्र में कोई भी तनाव खतरनाक रास्तेइ की ओर ले जाएगा और सभी पक्षों को तनाव करने तथा नियंत्रित करने की आवश्यकता है। ईरान द्वारा आकस्मिक बड़े आक्रमण के बाद इजराइल ने स्वीकार किया, इन हमलों से केवल हमारे एक सैन्य अड्डे को मामूली क्षति हुई है, और अधिकांश हवाई खतरों को रोक दिया गया। इउधर, अमेरिका जी-7 देशों (कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूके तथा यूएसए) की आपात बैठक में इस समस्या पर विचार-विमर्श करेगा। संयुक्त राष्ट्र और नाटो ने इस मामले पर बैठक बुलाई है। इजराइल ने 24 घंटे के अंदर काउंटर अटैक करने की बात तो कही है, किन्तु वह भी भलीभांति जानता है

# कांग्रेस बनाम वाम मोर्चा

इतिहास में झांकें, तो कांग्रेस और खासकर सीपीएम दोनों दुश्मन भी रहे हैं और अवसरवादी मित्र भी रहे हैं। प्रसंगवश 2004 का उल्लेख करता हूं। कांग्रेस 145 सीटें जीत कर लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा 138 सीटें ही जीत पाई थी। अर्थात जनादेश त्रिशंकु था, लिहाजा खिचड़ी सरकार ही बननी थी। उस लोकसभा में वामदलों के कुल 61 सांसद जीत कर आए थे। यह उस दौर में वाम की सबसे शानदार और बड़ी चुनावी जीत थी। तत्कालीन सीपीएम महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत ने मध्यस्थता की और कांग्रेस के नेतृत्व में, भाजपा-विरोधी दलों को जोड़ कर, यूपीए का गठन किया। सोनिया गांधी को उसका अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनाए गए और सीपीएम सांसद सोमनाथ चटर्जी को स्पीकर का पद देकर वाममोर्चे को नवाजा गया। परोक्ष रूप से तब केंद्र में वाममोर्चे की ही सरकार थी, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण निर्णय वाममोर्चे की सहमति से ही लिए जाते थे। कांग्रेस-वाम मित्रता की यह मिसाल कुछ और राज्यों में भी देखी गई, जहां दोनों ही दल विपक्षी गठबंधन के घटक थे। बंगाल, केरल, त्रिपुरा में वाम और कांग्रेस के बीच राजनीतिक शत्रुता बनी रही। केरल में तो दो ही मोर्चे सक्रिय रहे-वामदलों के नेतृत्व वाला फ्रंट तथा कांग्रेस नेतृत्व वाला यूनाइटेड फ्रंट। दोनों ही दल और मोर्चे मौजूदा विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के भी औपचारिक घटक हैं। यूपीए के आखिरी दौर में ह्यपरमाणु करारह्न के मुद्दे पर मनमोहन सरकार से वाममोर्चे ने समर्थन वापस ले लिया, लेकिन तब मुलायम सिंह यादव की सपा और अन्य सांसदों के समर्थन से सरकार बची थी, लेकिन 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद जो भी विपक्षी गठबंधन बना, उसमें कांग्रेस और वामपंथी दोनों ही रहे। चूंकि अब लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, लिहाजा बंगाल, केरल और त्रिपुरा में दोनों ही पक्ष ह्यकट्टर प्रतिद्वंद्वीह्न की भूमिका में हैं। केरल तो कांग्रेस के लिए चुनावी जीवन-रेखा है। 2019 के आम चुनाव में केरल में कांग्रेस नेतृत्व के यूनाइटेड फ्रंट ने 20 में से 19 सीटें जीत कर वाम को ध्वस्त कर दिया था। वाम का एकमात्र सांसद चुना गया था। हालांकि तमिलनाडु में वाममोर्चे के 2 सांसद चुने गए थे। कांग्रेस के कुल 52 सांसद चुने गए थे, जिसमें केरल के 15 सांसद थे। इस बार वाममोर्चा यूं ही हथियार डालने को तैयार नहीं है, लिहाजा शब्दों और अलंकारों की लड़ाई शुरू हो गई है। कांग्रेस और वाम एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने की राजनीति कर रहे हैं। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को केरल में भी है। मुख्यमंत्री पी. विजयन ने फरवरी में ही कांग्रेस की तीखी आलोचना करते हुए चुनाव-प्रचार शुरू कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा को ह्यएकाधिकारवादीह्न करार दिया। इस बार वायनाड की सीट पर राहुल गांधी का चुनाव भी आसान नहीं है। उनके खिलाफ सीपीआई की उम्मीदवार एनी राजा को उतारा गया है, जो सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी हैं और राजनीतिक तौर पर खूब सक्रिय रही हैं। वाम की पूरी सरकार उनके साथ प्रचार में व्यस्त है। केरल के नेता ह्यअमूल बेबीह्न नामक आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, तो कांग्रेस भी पीछे नहीं है। क्या ऐसी ही चुनावी प्रतिद्वंद्विता को ह्यमैत्री-लड़ाईह्न कह सकते हैं? मुख्यमंत्री और राहुल गांधी एक-दूसरे पर बंदूक ताने सक्रिय हैं। वाममोर्चे की लोकप्रियता और स्वीकार्यता लगातार घट रही है। 2019 में सीपीएम ने 69 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन मात्र 3 ही सांसद जीत कर संसद तक पहुंच पाए। मात्र 2 फीसदी वोट मिले, जो सबसे कम रहा है। इस बार सीपीएम केरल में ही 15 सीटों पर लड़ रही है, जबकि बंगाल में 23 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। केरल ह्यमरो या मारोह्न की स्थिति में है। बेशक राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस और वाम जिस तरह ह्यमैत्री-लड़ाईह्न की आड़ में चुनाव लड़ रहे हैं, उसकी प्रासंगिकता क्या है? क्या उससे भाजपा को ही फायदा नहीं होगा? विपक्ष में वामपंथी और कांग्रेसी लड़ रहे हैं। चुनाव के निष्कर्ष का आकलन यहीं से किया जा सकता है।

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं।






**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।

लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें. को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए।

हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

# मछुआरों, महिलाओं और स्थानीय संस्कृति का सहारा

बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3 .6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है। जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज–तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान। अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक ह्यएन मन, एन मक्कल नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी। इस यात्रा की बीजेपी हलके में महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका समापन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अन्ना मलाई का नाम अपनी सभाओं में खूब लेते हैं। अन्ना मलाई को उस कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा गया है, जिस पर 1998 और 1999 में पार्टी का कब्जा रहा।





**उमेश चतुर्वेदी**
(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3.6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है। जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज-तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान। अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक ह्यएन मन, एन मक्कलह्न नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी। इस यात्रा की बीजेपी हलके में महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका समापन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अन्ना मलाई का नाम अपनी सभाओं में खूब लेते हैं। अन्ना मलाई को उस कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा गया है, जिस पर 1998 और 1999 में पार्टी का कब्जा रहा। उस वक्त इस सीट की नुमाइंदगी करने वाले सीपी राधाकृष्णन इन दिनों झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके जिम्मे तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का चार्ज भी है। जब सीपी राधाकृष्णन कोयंबटूर से सांसद चुने गए थे, तब वे 41 साल के युवा थे। यह संयोग है कि कुछ और कि अन्ना मलाई इन दिनों चालीस की उम्र पूरी करने वाले हैं। यानी अगर कोयंबटूर से वे जीतते हैं तो वे भी सीपी राधाकृष्णन की तरह युवा ही होंगे। भारतीय जनता पार्टी की शिखर यात्रा की ओर जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि उसने जिस राज्य में भी पैर जमाया, वहां वह पहले छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में वह अपना प्रभाव बढ़ाते हुए बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है और मौका मिलते ही शिखर पर पहुंच जाती है। दो चुनाव पहले तक बीजेपी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में इंडियन नेशनल लोकदल और तृणमूल कांग्रेस के छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में उसने प्रभाव बढ़ाया। अब हालत यह है कि हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है तो तृणमूल कांग्रेस उसकी चुनौती से पार पाने का उपाय खोज रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति महाराष्ट्र में रही। पहले वह शिवसेना की बी टीम की तरह काम करती रही और पिछले कुछ चुनावों से वह पहले नंबर पर आ गई है। पंजाब में इसी तरह वह 1997 से लगातार शिरोमणि अकाली दल की बी टीम रही और इस बार उसने खुद को अकेले मैदार में उतार दिया है। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी 1998 में डीएमके के साथ रही तो 1999 में एडीआईएमके की जूनियर पार्टनर बनी। 2014 तक वह अन्ना द्रमुक के साथ रही, लेकिन अब वह तकरीबन अकेले दम पर आगे आ रही है।

हाल के दिनों में पार्टी तार्किक रणनीति के साथ मैदान में उतरती रही है। उसके वायदों और शासन के तरीके पर सवाल जरूर उठ सकते हैं, लेकिन रणनीतिक कदम के लिए उसकी प्रशंसा करनी होगी। प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु को हल करने के लिए पार्टी ने अरसा पहले काम शुरू कर दिया था। केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम शुरू कराया, एक भारत, श्रेष्ठ भारत। इसके जरिए राज्यों को उनके पारंपरिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्तों के साथ जोड़ना शुरू किया। इसके तहत तमिलनाडु का काशी से संगम शुरू हुआ। काशी भगवान भोलेनाथ की नगरी है और तमिलनाडु में शैव परंपरा को मानने वालों की अच्छी-खासी संख्या है। महाशिवरात्रि के वक्त काशी में तमिलनाडु, आंध्र और कर्नाटक के यात्रियों की बाढ़ रहती है। काशी और तमिलनाडु के करीबी रिश्तों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल दिलों में उतरने की कोशिश साल 2022 में तेज की। काशी-तमिल संगमन इसकी अगली कड़ी के रूप में सामने आया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में विकास योजनाओं की तेजी लाने की कोशिश की। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू की गई स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना को पूरा करने का आश्वासन के साथ ही मछुआरों के कल्याण पर काम तेज हुए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में रोड शो किए। तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहां की 87 फीसद आबादी हिंदू है। इसके बावजूद राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि मारन ने सनातन धर्म पर हमला बोला। भारतीय जनता पार्टी को इस बयान ने मौका दे दिया। जिसके खिलाफ ना सिर्फ प्रधानमंत्री मुखर हुए, बल्कि अमित शाह ने भी हमला बोला। तमिलनाडु के लोग एक बात पर खूब जोर देते हैं कि उनके यहां धार्मिक कार्ड नहीं चलता। इसीलिए बीजेपी का हिंदुत्व का मुद्दा भी नहीं चलेगा।

# मुस्लिम लीग से मंगलसूत्र और मुस्लिम आबादी तक मोदी

हर बार की तरह इस बार भी केन्द्रीय चुनाव आयोग ने चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की है, जिसमें एक स्पष्ट नियम यह है कि किसी भी चुनावी रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं मांगे जाएंगे। इसी तरह लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता बनाए रखने के लिए जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 के तहत कुछ नियम बनाए गए हैं, जिनका उल्लंघन भ्रष्ट आचरण के दायरे में आता है। इस अधिनियम की धारा 123 के अनुसार, भ्रष्ट आचरण वह है जिसमें एक उम्मीदवार चुनाव जीतने की अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिये कुछ इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, जिसके अंतर्गत रिश्वत, अनुचित प्रभाव, झूठी जानकारी, और धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच घृणा, दुश्मनी की भावनाओं को बढ़ावा देना अथवा ऐसा प्रयास करना शामिल है। उपरोक्त दो कसौटियों पर अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए भाषण की समीक्षा की जाए, तो वे इस भ्रष्ट आचरण के आरोपी ठहराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग इस आधार पर उनके ऊपर कार्रवाई कर सकता है। गौरतलब है कि रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में नरेन्द्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। जहां फिर उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर मनगढ़ंत बातें कीं और हजारों लोगों की भीड़ के बीच बड़ी सहजता से झूठ बोला। प्रधानमंत्री अपने झूठ से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश भी करते दिखे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के साल 2006 में राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में दिए भाषण से कुछ बातों को उठाया और उसे गलत संदर्भों के साथ पेश किया। मोदी ने अपने भाषण में कहा कि ह्यपहले जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है, इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठा करके किसको बांटेंगे- जिनके ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे, घुसपैठियों को बांटेंगे। क्या आपकी मेहनत का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा। ह्य मोदी यहीं नहीं रुके, आगे उन्होंने कहा, ह्यये कांग्रेस का मेनिफेस्टो कह रहा है कि वो मां-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उसे बांट देंगे और उनको बांटेंगे जिनको मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। भाइयों-बहनों ये अर्बन नक्सल की सोच, मेरी मां-बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे, ये यहां तक जाएंगे। मोदी के भाषण के इन हिस्सों में साफ तौर पर जनता को गुमराह करने की कोशिश नजर आ रही है। डा.मनमोहन सिंह ने 2006 के अपने उस भाषण में कहा था कि ह्यअनुसूचित जातियों और जनजातियों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हमें नई योजनाएं लाकर ये सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों का और खासकर मुसलमानों का भी उत्थान हो सके, विकास का फायदा मिल सके। इन सभी का संसाधनों पर पहला दावा होना चाहिए। ध्यान देने की बात है कि डा. सिंह ने अधिकार शब्द का इस्तेमाल नहीं किया था, जबकि उन्होंने अंग्रेजी में क्लेम शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसका हिंदी अर्थ दावा होता है। यानी यूपीए सरकार के मुखिया ने उन वर्गों का देश के संसाधनों पर दावा होने की सिफारिश की थी, जो समाज में हाशिए पर हैं। इनमें केवल मुसलमान नहीं अपितु एससी, एसटी तबका भी शामिल है। लेकिन श्री मोदी ने बड़ी चतुराई से शब्दों की हेर-फेर करके जनता के सामने झूठ परोस दिया। इसी तरह कांग्रेस के घोषणापत्र में कहीं भी यह नहीं लिखा कि वे हिंदू महिलाओं की स्वर्ण संपत्ति को ले लेंगे और मुस्लिमों में उसे बांट देंगे। कांग्रेस ने इस बार अपने घोषणापत्र को न्याय पत्र कहा है और उसमें आदिवासी न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय ऐसी श्रेणियां बनाकर उनके तहत अलग-अलग वादे किए हैं। कांग्रेस ने अपनी पिछली सरकार की सोच को ही आगे बढ़ाने का इरादा घोषणापत्र में दिखाया है। इसमें एक वर्ग की संपत्ति छीनकर उसे दूसरों के बीच बांटने की बात नहीं लिखी है और शायद कोई भी राजनैतिक दल अपने घोषणापत्र में ऐसा लिखेगा भी नहीं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### भीषण गर्मी में समाजसेवी मुन्ना डालमिया ने शोभायात्रा में बांटें शीतल शरबत

गया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में गर्मी और चिल्लाती धूप के बीच निकाली गई प्रभात फेरी में कई जगहों पर श्रद्धालुओं के बीच शीतल शरबत का वितरण कर स्वागत किया गया है। इसी कड़ी में केपी रोड में श्री रामचरितमानस नवाह पारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना बाबू के सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच शीतल पेय और अल्पाहार का वितरण कर प्यास बुझाई है। उन्होंने अपने हाथों से शीतल शरबत ठंडई घोलकर श्रद्धालुओं के बीच परोसाहै। इस मौके पर विनोद जसरापुरिया ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए मानव सेवा को सर्वोपरि मानकर श्रद्धालुओं के बीच शीतल पर पदार्थ का वितरण किया गया है। लोगों ने ठंडई का सेवन कर राहत की सांस ली।

### मक्का लोडिंग कर रहे ट्रक में हाईवा ने मारी ठोकर, तीन लोग घायल

बरियारपुर (मुंगेर)। राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 80 रघुनाथ पुर के समीप मक्का लोडिंग कर रहे एक ट्रक में हायवा ने ठोकर मार दिया।इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। जिसे वेहतर ईलाज के लिये भागलपुर भेजा गया है। स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि पहले मक्का लोडिंग ट्रक खड़ा था।जिसे पिछे से हायवा आकर ठोकर मार दिया। मक्का लोडिंग कर रहे तीन मजदुर इस के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। जिसे बेहतर ईलाज के लिये हायर सेन्टर भेजा गया है।

### एनटीपीसी कहलगाँव में रक्तदान शिविर का हुआ भव्य आयोजन

भागलपुर। एनटीपीसी कहलगाँव की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था मयूख द्वारा जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महा विद्यालय एवं एनटीपीसी के जीवन ज्योति चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान-जीवन दान की भावना के साथ रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया। इस दौरान ह्ह्ह्रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ परियोजना प्रमुख कहलगाँव अजय शर्मा, एवं सृष्टि समाज अध्यक्षा शैफाली शर्मा ने चंद्रसिस घोषदस्तीदार, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ), के राकेश चौहान, महाप्रबंधक (एफजीडी) हफीजुर रहमान मल्लिक, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), डॉ. सुष्मिता सिंह, सीएमओ, जीवन ज्योति चिकित्सालय एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति मेंकिया गया था। इस दौरान परियोजना प्रमुख कहलगाँव अजय शर्मा ने अपने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में रक्त दान को महादान की संज्ञा देते हुए कहा कि हमारी सामाजिक संस्था मयूख ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज कल्याण का बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है, रक्तदान मानवता के समरूप में एक बड़ा जीवन दान है, इससे विकट समय के दौर काल के दौरान आवश्यकता पड़ने पर कई जानें बचाई जा सकती है और कई पीड़ितों को जिंदगी जीने का दूसरा मौका भी प्रदान करती है। इसके लिए मयूख के पदाधिकारीगण सभी यूनियन एवं एशोसियेशन एनटीपीसी कर्मी, सीआईएसएफ कर्मी, ग्रामीण एवं दीप्तिनगर की महिलाओं के अलावा अन्य लोगों ने रक्त दान किया उस सभी कर्मियों को धन्यवाद दिया।

### मतदाता जागरूकता हेतु निकाला गया कैंडल मार्च: डीएम

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार भागलपुर के शत्प्रतिशत मतदान संख्या में बढ़ोतरी किये जाने की दिशा में क्षेत्रीय मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के नेतृत्व में एक विशाल कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कैंडल मार्च समाहरणालय परिसर से निकल कर घंटाघर तक आम लोगों के बीच मतदान करने को लेकर एक संदेश दिया है। कैंडल मार्च में जिला निगम के नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, अपर समर्थ राजस्व अजय सिंह, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, वरीय उप समाहर्ता मिथिलेश कुमार, विकास कुमार, सुभाषिनी प्रसाद, मीनाक्षी कुमारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्वेता कुमारी सहित तमाम जिला स्तरीय पदाधिकारी के अलावा सैकड़ों स्वेम सेवक कर्मी के साथ साथ कई संगठनों के लोग शामिल थे। ज्ञात हो कि आगामी 26 अप्रैल को भागलपुर में सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान करने को लेकर समय पूर्व से निर्धारित है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 26 अप्रैल को लोकतंत्र का महापर्व है, जिसे लेकर कैंडल मार्च के माध्यम से भागलपुर लोकसभा के मतदाताओं को मतदान करते हेतू जागरूकता के तहत ये अपील की जा रही है कि वे सभी 26 अप्रैल को अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पर जाएं, अपना मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनकर देश विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# डीएम ने लोकसभा चुनाव को लेकर सभी बीडीओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी-सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की । बैठक में फार्म 12र्फ के वितरण हेतु आवश्यक निदेश दिए गए एवं सक्षम एप्प का भी प्रयोग करने के लिए निदेशित किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर पुनः एएमएफ की सुविधाओं की जांच करने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि वैसे मतदान केंद्र जहां छांव की व्यवस्था नहीं है वहां पर प्रखंड विकास पदाधिकारी टेंट लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें,साथ ही निदेश दिया गया कि मतदान के दिन लोगों को लाइन में खड़े रहने हेतु उचित व्यवस्था की जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने क्षेत्र में दीवार लेखन, फ्लैक्स का संस्थापन तथा सेल्फी प्वाइंट अधिसष्ठापन कराएं एवं 01 जून के मतदान का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत विद्यालयों के माध्यम से संकल्प पत्र हर घर तक पहुंचाएं एवं लोगों को 1 जून के दिन मतदान करने का संकल्प दिलवाएं।

जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि 50% से कम वाले मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जानी है अतः ससमय वेबकास्टिंग हेतु समुचित व्यवस्था कर ली जाए। इस दौरान बैठक में उप विकास आयुक्त, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, विशेष कार्य पदाधिकारी पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाई गई हनुमान जन्मोत्सव



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई गई। जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी एवं अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने सभी मंदिरों का अवलोकन किया।अवलोकन के बाद बताया कि विष्णु धाम परिसर के हनुमान मंदिर में बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया गया।

विष्णु धाम परिसर में ही प्राचीन हनुमान मंदिर,जम्होर के दक्षिणी मुहल्ला के दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर, सिद्धनाथ बाबा परिसर के निरीक्षण भवन में अवस्थित हनुमान मंदिर,मुख्य बाजार स्थित हनुमान मंदिर, अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित हनुमान मंदिर, श्री राम जानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर में हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। विदित हो कि रामनवमी को राम जन्मोत्सव के मौके पर सनातनी परंपरा के मानने वाले लोग अपने-अपने घरों में महावीरी झंडा बदलते हैं लेकिन कुछ लोग इस दिन झंडा नहीं बदल पाए तो वे लोग हनुमान जन्मोत्सव के दिन झंडा बदलने का कार्यक्रम करते हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार एक करोड़ 85 लाख 58 हजार 116 वर्ष पूर्व मंगलवार के दिन चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जी का जन्म हुआ था। हनुमान जी को कलयुग का देवता माना जाता है।आज के दिन हनुमान जी के निमित जो भी पूजा पाठ की जाती है वह विशेष फलदाई होती है।

## श्रद्धा के साथ मनाया गया श्री बालाजी हनुमान का जन्मोत्सव, निकाली गई प्रभात फेरी

प्रात : किरण संवाददाता



गया।चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर रामदूत श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया।पूर्णिमा और मंगलवार होने के कारण हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ देखी गई हू। शहर के गोल पत्थर हनुमान मंदिर,विष्णुपद मंदिर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, जनकपुर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, बाईपास स्थित बड़े हनुमान मंदिर, शहीद रोड स्थित सालासर बालाजी मंदिर, रामशिला पहाड़ी स्थित हनुमान मंदिर,गांधी चौक स्थित बाल हनुमान मंदिर समेत कई अन्य हनुमान मंदिरों में अहले सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्त जनों हनुमान जी को बेसन के लड्डू का प्रसाद अर्पित किया और माला- फूल से श्रृंगार कर विशेष आराधना की है।शहर के शहीद रोड स्थित श्री सालासर बालाजी मंदिर में बालाजी हनुमान का जन्मोत्सव पूरे धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया है।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह में प्रभात फेरी निकालकर की गई है। बालाजी हनुमान की तस्वीर को खुले वाहन में विराजमान कराकर नगर भ्रमण कराया गया है। शोभा यात्रा में महिलाएं एवं पुरुष विशेष परिधान से सुसज्जित होकर हाथों में भगवा पताका लेकर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रास्ते भर प्रभु श्री राम के जयकारे में लीन होकर लोग झूम रहे थे। जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षाकर किया गया एवं हनुमान जी का पूजन कर आरती की गई है। शोभायात्रा शाहिद रोड से निकलकर रंग बहादुर रोड जीबी रोड,टेकारी रोड, पुरानी गोदाम, केपी रोड,लहेरिया टोला होते हुए मंदिर पहुंचा।जहां सालासर मंदिर में आचार्य पं सुरेंद्र पांडेय के निर्देशन में पं राकेश पांडेय, पं दीपक पांडेय एवं पं रंजीत पांडेय ने पूरे हनुमंत स्तोत्र एवं वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच बालाजी हनुमान को षोडषोपचार पूर्वक दुग्धाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। ध्वजारोहण व अखंड ज्योत जलाकर हवन पूजन किया गया है।

## डीएम ने स्वीप कोषांग की समीक्षात्मक बैठक, हस्ताक्षर कैंपेन कराने का किया निदेशित

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की समीक्षात्मक बैठक की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर कैंपेन कराने हेतु निदेशित किया गया,साथ ही प्रवासी मतदाताओं कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम में और तीव्रता से कार्य करने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि प्रखंडवार माइक्रो प्लान बनाकर स्वीप गतिविधि की जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा स्कूटी रैली एवं बाइक रैली निकालने हेतु भी निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वैसे परिवार जिनके सदस्य इस लोकसभा चुनाव-2024 में शत प्रतिशत मतदान करते हैं उनको पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा जन- जागरूकता हेतु मतदाता जागरूकता रथ,माइकिंग एवं ऑडियो-वीडियो विजुअल्स भी चलाने हेतु निदेशित किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा हर घर दस्तक, रात्रि चौपाल कराने हेतु भी निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि जिले के दृष्टिगोचर स्थलों पर बैनर, फ्लैक्स इत्यादि अधिष्ठापित कराकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराई जाए।

## वीर योद्धा बाबू कुंवर सिंह के आगे अंग्रेज टेकते थें घुटने : डॉ. मनीष

बिक्रकगंज (रोहतास) मंगलवार को वीर योद्धा बाबू कुंवर सिंह का काराकाट विधानसभा के भावी प्रत्याशी सह भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन ने उन्हें याद कर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। अवसर पर उन्होंने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज पूरे देश सहित विदेशों में भी उनकी बहादुरी की कहानी इतिहास के पन्नो में दर्ज है। ज्ञात हो कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा वीर कुंवर सिंह का जन्म 13 नवंबर 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव में हुआ था। इस महासमर में तलवार उठाने वाले इस योद्धा की उम्र उस समय 80 वर्ष की थी. इस महान योद्धा ने ब्रिटिश सेना के कई कमांडरो को पराजित किया था। जिन्होंने अपने जीवनकाल में 23 अप्रैल को जगदीशपुर में कैप्टन ली ग्राड की सेना को युद्ध के मैदान में भारी शिकस्त दिया था। वीर कुंवर सिंह मालवा के सुप्रसिद्ध शासक महाराजा भोज के वंशज भी थे। कुंवर सिंह के पास बड़ी जागीर थी. किन्तु उनकी जागीर ईस्ट इंडिया कम्पनी की गलत नीतियों के कारण छीन गयी थी। जिन्हें भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक के रूप में भी जाना जाता है।

## वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह जी के तैलचित्र पर किया गया माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। 1857 की क्रांति के महायोद्धा और अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने वाले वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह जी का विजयोत्सव समारोह जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय शहीद भवन, आरा में जिला अध्यक्ष अशोक राम जी के नेतृत्व में धूम-धाम मनाया गया। समारोह की शुरूआत वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि देश की आजादी में बाबू कुंवर सिंह के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। जब-जब इस देश मे स्वतंत्र भारत की चर्चा होंगी बाबू कुंवर सिंह का नाम अग्रणी पंक्ति में रहेगा। समारोह में सभी बक्ताओं ने बाबू कुंवर सिंह जी के जीवनी पर बारी-बारी से विस्तृत प्रकाश डाला। समारोह में अशोक राम अध्यक्ष भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी, त्रिवेणी सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी, प्रो. अरुण सिंह, नागेंद्र मिश्र, रविन्द्र तिवारी, लालमोहन सिंह शत्रुघ्न सहित दर्जनों पार्टी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर किया गया सुंदर कांड पाठ

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत संसार डिहरी में पत्रकार रजनी कान्त पाण्डेय के आवास पर स्थित महावीर मंदिर बजरंग बली जी के प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया । इस उपलक्ष में सुन्दर कांड पाठ का उद्बोधन किया गया । जिसे श्रद्धालुओ ने बड़ी ही उत्साह के साथ श्रवण किया । पूजा पाठ वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ-साथ बजरंग बली जी का जन्मोत्सव मनाया गया । सुंदर काण्ड पाठ के प्रस्तुति में नाल पर इलाका के जाने माने नाल वादक बड़ीहा निवासी हरेंद्र सिंह, हरमुनिया पर मुन्ना पाठक, नागेंद्र पाठक, शुभम पाठक, विकाश पाठक, रजनीश पांडेय उर्फ श्रावण पाण्डेय, रजनी कान्त पाण्डेय, अरविंद मिश्रा सहित पूरे गांव के लोग शामिल थे।

## जिला प्रशासन के द्वारा मनाया गया वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह विजय उत्सव

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। 23 अप्रैल को 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रहे वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह के विजयोत्सव दिवस आरा नगर के बीचों बीच स्थित वीर कुंवर सिंह पार्क मे भोजपुर जिला प्रशासन एवं वीर कुंवर सिंह स्मारक समिति आरा के संयुक्त तत्वावधान मे भव्य आयोजन किया गया। विजय उत्सव का संचालन डी.राजन सचिव एवं धन्यवाद ज्ञापन सरफराज अहमद वीर कुंवर सिंह स्मारक समिति ने किया।जिला पदाधिकारी भोजपुर ने सर्व प्रथम झंडोत्तोलन, राष्ट गान,दिप प्रज्वलित तथा बाबू वीर कुंवर सिंह जी के विशालकाय अश्वारोही प्रतिमा माल्यार्पण का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर आरक्षी अधिक्षक नीरज कुमार, उप विकास आयुक्त विक्रम विरकर,आरा नगर आयुक्त निरोज कुमार " भगत ", अपर पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार,जिला अपर समाहर्ता सत्य प्रकाश जिला बन पदाधिकारी,आरा सदर अनुमंडल विशाल कुमारउप समाहर्ता हीना जी, जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी श्री चन्दन प्रभाकर वीर कुंवर सिंह स्मारक समिति के महामंत्री सरफराज अहमद,सचिव डी.राजन राणा प्रताप सिंह, सुशील कुमार, मनोज सिंह, समेत अन्य पदाधिकारीयो ने विशालकाय पर माल्यार्पण किये।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा की भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सपूत को नमन करते हुए उनके त्याग, बलिदान एवं संघर्ष का स्मरण किये। इस अवसर पर डाक्टर सतीश कुमार सिन्हा, भीम सिंह भवेश,सरदार गुरु चरण सिंह, आदित्य विजय जैन,डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिन्हा, अमरेन्द्र पाण्डेय, भास्कर मिश्रा,राज वन्दे, सुनिल नैयर, राम सिंह, अजीत रंजन, प्रमोद कुमार, संदीप, उमा कान्त पाण्डेय, नवीन प्रकाश के साथ नगर के विद्वान प्रोफेसर गण, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता,सांस्कृतिक कर्मी,शिक्षक गण गणमान्य जन शामिल हुए।

## मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर दो पर लगा जुमार्ना

दावथ (रोहतास)। प्रखण्ड दावथ अंतर्गत बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी एवं मीटर गुणवत्ता की जांच को लेकर एक टीम गठित किया गया, जिसमें कनीय विद्युत अभियंता दावथ अर्जुन कुमार एवं अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थें । जांच दल द्वारा ग्राम सेमरी टोला में निरीक्षण किया गया । जिसमें पाया कि मीटर बाइपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर चंदा देवी पर 33 हजार 011, ग्राम छितनी में घुघली साह पर 32 हजार 547 रुपये दंडित राशि लगाई गई है । ऊक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाइपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था । जेई दावथ अर्जुन कुमार के द्वारा बताया गया कि शीर्ष कंपनी के आदेशानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है तथा आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## सिलेंडर फटने से आग लगने पर पहुंचे बड़हरा विधायक

आरा। बड़हरा प्रखंड के फरना गाँव के एक घर मे सिलेंडर फटने से आग लग गया,जिससे चार-पाँच घर उस आग के आवेश मे आ गया। घटना की खबर सुनते ही बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।उन्होने कहा कि एक घर मे तीन चार गैस सिलेंडर रखा हुआ था,जिसमे आग पकड़.ली और फट गया।इससे आस-पास के चार पाँच घर आग के आवेश मे आ गए और भीषण रूप पकड़ लिया,लेकिन ग्रामीण जनता के सुझबुझ और बहादुरी के कारण बड़ी घटना घटित होने से बच गया। उन घरो की संपत्ति बर्बाद हुई है,जिन्हे मुआवजा दिलाने का प्रयास करूँगा।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसुदा में वीर कुंवर सिंह की मनी जयंती

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिले के कलेर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसुदा में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई विद्यालय के प्रधानाध्यापक राहुल कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई मौके पर उपस्थित शिक्षकों ने बाबू वीर कुंवर सिंह के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका जयंती मनाया` मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राहुल कुमार ने बताया कि वीर कुंवर सिंह का जन्म 23 अप्रैल 1777 बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव में एक क्षत्रिय परिवार में हुआ था। उन्होंने बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि 1857 की क्रांति में बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों को खदेड़कर जगदीशपुर में अपना झंडा फहराया था।हमें उनके आदर्शो को अपनाकर उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। वैसे तो बिहार की धरती ने कई वीर योद्धाओं को जन्म दिया है लेकिन बाबू वीर कुंवर सिंह एक ऐसे वीर योद्धा थे जो हर मायने मे खास थे।

## परिवहन विभाग में कर्मियों ने युवक को बेरहमी से मारपीट किया घायल,अस्पताल में भर्ती

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। मंगलवार को 11:00 बजे दिन में भभुआ प्रखंड के ग्राम डिहरा गांव निवासी सतीश कनौजिया परिवहन कार्यालय में ड्राईवर लाइसेंस हैवी लाइसेंस बनवाने को लेकर पहुंचने पर परिवहन विभाग के बड़ा बाबू से बातचीत करने पर पता चला कि बिहार सरकार द्वारा घोषित अवकाश वीर कुंवर सिंह जयंती पर एक दिवसीय बंद रहता है। सतीश कनौजिया अरमान से लाइसेंस को हैवी बनवाने के चक्कर में वीर कुंवर सिंह जयंती पर ही उसकी जमकर पिटाई कर दिया गया। बिहार सरकार के कर्मी एक आम नागरिक को वीर कुंवर सिंह जयंती पर उनके जीवनी को बताने के बजाय हठधर्मिता का प्रयोग करके उपस्थित गाड्र्स के साथ मिलकर मारपीट किया गया। घायल व्यक्ति सदर अस्पताल में इलाज करा रहा है। ऐसी अनहोनी घटना की खबर मिलने पर कैमूर जिला पार्षद सदस्य विकास सिंह ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायल युवक से मिलकर सभी प्रकार का जायजा लिया। जिला पार्षद कैमूर विकास सिंह ने परिवहन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह के जयंती पर ग्रामीणों को जानकारी नहीं होने के बावजूद कार्यालय पहुंचने पर विभाग के कर्मियों द्वारा गुंडागर्दी पर उतारू होकर मारपीट कर घायल कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बिहार सरकार के गाइडलाइन के अनुसार कार्य न करके गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। उन्होंने आचार संहिता का हवाला देते हुए कहा कि कार्यालय में कर्मियों का गुंडागर्दी नहीं चलेगा जनता का काम करना उनका उत्तरदायित्व होता है। उन्होंने कहा कि कैमूर डीएम कैमूर एसपी एवं स्थानीय प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच करके दोषी कर्मियों को दंडित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार धोबी जाति अनुसूचित जाति परिवार का सदस्य था उनके साथ कर्मियों के द्वारा ऐसा घिनौना व्यवहार करना कहीं से अनुचित नहीं है।

## हथियार बरामदगी व गिरफ्तारी के पीछे पुलिस की एक बड़ी साजिश : ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता ईशु राज

भागलपुर। इन दिनों पुलिस प्रशासन के द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर ग्रामीण क्षेत्र इलाके में रहनेवाले लोगों के बीच में आक्रोशित माहौल बना दिख रहा है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि स्थानीय मधुसुदनपुर थाना पुलिस टीम द्वारा इलाके में विगत 19 अप्रैल की देर रात चैती दुर्गा विसर्जन जुलूस यात्रा क्रम में फायरिंग किये जाने की सूचना सामने आयी थी। उक्त घटना सत्यता जांच व आवश्यक कार्रवाई को लेकर स्थानीय मधुसूदनपुर थाना पुलिस द्वारा गनौरा बादरपुर के विलास मंडल के पुत्र मिथलेश कुमार को हथियार के जखीरे के साथ गिरफ्तार किये जाने की जानकारी भी मीडिया प्रतिनिधि के समक्ष विस्तृत रूप में सामने रखी गई थी। इसी घटना क्रम में पुलिस द्वारा बताये गये जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार युवक को रात के वक्त अपने साथियों के साथ लूट की योजना तैयारी के उद्देश्य से आम बगीचे में बैठने की बात कही गई थी। जहां पुलिस टीम ने कार्रवाई उद्देश्य के साथ दबिश देकर मौके से उसे हथियार के साथ गिरफ्तार करने की बात व्यक्त कर साझा की गई थी। इस पूरे मामले की जानकारी को लेकर सिटी एसपी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी मि. राज ने विधि व्यवस्था डीएसपी 2 राकेश कुमार की मौजूदगी में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया था कि गिरफ्तार अभियुक्त मिथलेश फायरिंग कर अन्य साथियों के साथ स्थानीय गांव के पास एक आम बगीचे में बैठा हुआ था, जहां उक्त लोगों द्वारा पुलिस को आते देख कर गिरफ्तार अभियुक्त के अन्य साथी मौके से फरार होने में सफल रहे है, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जारी है। साथ ही पुलिस ने बताया गया था कि गिरफ्तार अभियुक्त मिथलेश से पास से एक मास्केट, दो देसी कट्टा, एक पिस्टल की मैगजीन, 84 राउंड गोली, दर्जन भर खोखा और एक बाइक भी मौके पर बरामद किया गया है। जबकि घटना स्थल से बरामद की गई बाइक किसी अन्य व्यक्ति की बताई जा रही है, वही उन्होंने फॉरवर्ड बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त मिथिलेश के अपराधिक पृष्ठभूमि को भी खंगालने की बात कही थी।

वहीं दूसरी तरफ इस गिरफ्तारी मामले को लेकर ग्रामीणों व परिवार के लोगों द्वारा किसी बड़ी साजिश के तहत पुलिस बेगुनाह लोगों को फंसाने की कोशिश में पुलिस प्रशासन अंजाम देने में जुटी हुई हैं। वही घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक सत्यता व हकीकत कुछ और ही निकल कर सामने आ रही हैं। जहां इलाके के ग्रामीणों के मुताबिक हथियार बरामदगी के साथ युवक के गिरफ्तारी मामले की पूरी हकीकत व सत्यता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने जानकारी व्यक्त करते हुए बताया है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा मिथलेश को एक झूठ व सड़यंत्र के तहत फसाया जा रहा है। वही जब मीडिया प्रतिनिधि की टीम मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पूछे जाने पर उनके समक्ष इलाके के ग्रामीण जो बात कही है, उक्त बात को सुनकर एक आश्चर्य चकित कर देने वाली पुलिस कार्यशैली को लेकर बात निकलकर सामने आई है। वही जब उक्त बात की हकीकत जानने की कोशिश में गणौरा बादरपुर गांव मीडिया प्रतिनिधि पहुंची तो गांव इलाके का एक अलग ही माहौल देखने को मिला है। जहां गिरफ्तार अभियुक्त के परिजन काफी सदमे में दिख रहे थे, जबकि गिरफ्तार युवक से जुड़ी मामले की जानकारी की वास्तविक हकीकत कुछ और ही निकलकर सामने आई हैं, जहां के लोगों व उनके परिवार के लोगों ने युवक की गिरफ्तारी को लेकर हुई पूरी पुलिसया कार्यवाही की सच्चाई को सुनकर सभी को चौका दिया है।

# तीखी धूप व हवा के वजह से लगी आग ने मचाई भारी तबाही

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों सूर्य के तपिस में जैसे-जैसे गर्मी का पारा तेजी के साथ बढ़ रहा है, वैसे-वैसे ही क्षेत्र के कई इलाकों में अगलगि की घटना लगातार घटित होने के साथ सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में एक और अगलगि कि घटना घटित होने की सूचना सामने आई हैं। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि कहलगांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर पंचायत गांव इलाके में अचानक आग लगने से करीब आधा दर्जन भर घर जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया है। इस अगलगि की घटना में स्थानीय ग्रामीण कैलाश पासवान, पालतू पासवान, पूरन पासवान व नरेश पासवान के साथ साथ अन्य लोगों के घर जलकर खाक हो गया है। वही इन ग्रामीणों के घर मे रखा सारा सामान जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया है। वही घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने बताया कि घर में अचानक लगी आग ने घर मे रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है खाने पीने तक के समान नही बचा है, शरीर पर जो कपड़े है वही शेष बचा है। इस भयानक आग की चपेट में ग्रामीणों के करीब 7 मावेशी भी जलकर खाक हो गया है। वही घटना के बाद कोई भी अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लोग हलदशा को देखने व राहत कार्य को लेकर अभी तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे हैं, जिससे ग्रामीणों के परिवार के बीच भुखमरी की स्थिति बनती दिख रही हैं। वही इन पीड़ित परिवार के विकट स्थिति को लेकर अब देखने वाली बात है कि जब आपदा प्रबंधन के द्वारा राहत कार्य हेतू हर गांव इलाके में लगातार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ढोल पीटते हुए नजर आती रही हैं तो वही इन अगलगि पीड़ित परिवार के बीच राहत बचाव कार्य को लेकर कोई भी स्थानीय प्रशासन के लोग सामने नजर क्यो नही आती दिख रही हैं ये सवाल खड़े कर लोगों के बीच चर्चा का विषय बनता दिख रहा है।

## चेतना विकास अभियान के तहत दिव्यांगजनों के साथ मिलकर किया गया जागरूकता : डीएम

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने एवं भागलपुर के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर दिव्यांगजन मतदाता चेतना विकास अभियान का कार्यक्रम राष्ट्रीय दिव्यांग जन वित्त एवं विकास निगम और भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली द्वारा श्रेष्ठ समाज प्रदेश और देश निर्माण हेतू विकास अभियान भागलपुर के नाथनगर ब्लॉक ऑफिस प्रांगण में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन शाह, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक एनडीएफडीसी सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से उपस्थित रहे साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के संस्थापक के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी मौजूद थे। एडिएसएस सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट से विकास कुमार विसिस्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य वक्ता राम कृष्ण गोस्वामी ने कहा 19 अप्रैल 2024 को पहले चरण में मतदान का कम प्रतिशत संख्या कुल 46.32 रही हैं, जो बिहार पर एक दाग लग गया है। हमें इस दाग को मिटाने हेतु संकल्पित होकर आगामी चुनाव की7 तारीखों पर बिहार का स्वधर्म मानकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करना होगा। इसी क्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन शाह ने कहा कि हमे अपना मतदान का प्रयोग महापर्व के रूप में मानकर करना है, और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर मतदान के प्रतिशत को बिहार का गौरव को बढ़ाने हेतु सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई सक्षम ऐप के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं को साझा करते हुए विस्तृत रूप में बताया और उन्होंने कहा कि एप्स के माध्यम से 12 ऊ फॉर्म भरकर दिव्यांग घर बैठे बैठे अपना मतदान कर सकते हैं। वही कार्यकर्म का प्रस्ताव रवि शंकर ने रखा गया था, और जागरूकता अभियान के क्रम में उन्होंने भावना को जगाते हुए लोगो को मतदान का महत्व बताया है। लोकसभा चुनाव में अपना मतदान कर एक अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव ही हमारे अच्छे भविष्य को बनाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि "पहले मतदान", "फिर जलपान" का संकल्प लेंगे और मतदान के इस महापर्व को धूमधाम से मनाएंगे। इस मौके पर करीब 100 से 150 दिव्यांगजन के साथ ब्रजेश साह, अजय प्रकाश, संतोष कुमार झारखंड के एपीपी एगिगेट के डायरेक्टर श्री प्रभाकर भी मौजूद थे।



## पैसे के लिए नहीं की अर्पिता से शादी

सलमान के बहनोई आयुष शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म 'रुसलान' को लेकर लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह एक्शन-थ्रिलर मूवी 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आयुष इस फिल्म के प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इस दौरान आयुष ने सलमान और अपनी पत्नी अर्पिता खान के बारे में भी खुलकर बात की। आयुष पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं कि अर्पिता से शादी करने के पीछे की वजह पैसा और फेम है। आयुष ने सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मेरे बॉलीवुड डेब्यू को लेकर कहा गया कि ये शादी इसलिए ही की गई है। लोग ये नहीं जानते कि जब मेरी शादी हुई तो मैंने सलमान से कहा था कि मैं एक्टिंग नहीं करना चाहता। मैं 300 से ज्यादा ऑडिशन दे चुका था, लेकिन असफल रहा। तब सलमान ने कहा कि बेटा तुम्हारी अच्छी ट्रेनिंग नहीं हुई है, अब मैं तुम्हें ट्रेनिंग दूंगा। मुझ पर ये आरोप भी लगे कि मैं अपने साले (सलमान) के पैसे उड़ा रहा हूं। ऐसे में क्या मुझे अपनी इनकम टैक्स डिटेल्स शेयर करनी चाहिए? जब 'लवयात्री' की असफलता के बाद सलमान का मेरे पास फोन आया तो मैं इमोशनल हो गया और आंखों में आंसू आ गए। तब मैंने कहा कि सॉरी, मैंने आपके पैसे उड़ा दिए। लेकिन मुझे राहत तब मिली जब 'अंतिम' के डिजिटल अधिकार सैटेलाइट और ओटीटी प्लेटफॉर्मों को बेचे गए। 'लवयात्री' के फ्लॉप होने पर मुझे किसी ने कहा था ये लड़का नहीं लड़की है। ये लड़की की जैसे दिखता है। किसी ने कहा इसे अभिनय आता नहीं है तथा इसे ये फिल्म नहीं मिलनी चाहिए थी। इसके अतिरिक्त भी मेरे बारे में घटिया बातें बोली गईं। बता दें कि 'लवयात्री' और 'अंतिम' दोनों सलमान खान प्रोडक्शन के बैनर तले बनी थी। 'लवयात्री' आयुष की पहली फिल्म थी।



## मैं ग्लैमरस होने की सोच से मुक्त हो रही हूं

एक्ट्रेस और मिस यूनिवर्स रह चुकीं लारा दत्ता अपनी अपकमिंग वेब सीरीज रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड के लिए तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उम्र के साथ-साथ वह ग्लैमरस की सोच से भी मुक्त हो रही हैं। ग्लैमरस दिखने के बजाय, उनका लक्ष्य उन किरदारों पर फोकस करना है जो ऑडियंस के दिलों में जगह बनाते हैं। एक्ट्रेस ने साइकोलॉजिकल क्राइम थीम पर काम करने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह बिना किसी हिचकिचाहट के नेगेटिव कैरेक्टर को आसानी से निभा सकती हैं। लारा ने कहा, जैसे-जैसे मैं बड़ी हो रही हूं, मैं ग्लैमरस होने या सिर्फ एक बड़े खिताब को पाने के रूप में देखे जाने के सोच से मुक्त हो रही हूं। इसके बजाय, मैं उस तरह के काम पर ध्यान दे रही हूं, जो मैं कुछ समय से करना चाहती हूं। आजकल महिलाएं फिल्में बनाने से लेकर स्क्रिप्ट लिखने तक हर तरह के कामों में आगे बढ़ रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा, मैं उस इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर भाग्यशाली महसूस करती हूं जो बेहतरी के लिए बदल रहा है। मेरी दिलचस्पी साइकोलॉजिकल क्राइम थीम में है, भले ही इसका मतलब नेगेटिव किरदार निभाना क्यों न हो। यह मेरे लिए डायरेक्शन का अनोखा अंदाज है और मैं स्क्रीन पर डार्क रोल निभाना पसंद करूंगी। रणनीति - बालाकोट एंड बियॉन्ड 25 अप्रैल से जियो सिनेमा पर उपलब्ध होगी।

### हैदराबाद में होगी दिव्या खोसला स्टारर फिल्म हीरो हीरोइन की शूटिंग



एक्ट्रेस दिव्या खोसला अपकमिंग फिल्म हीरो हीरोइन के जरिए तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में 35 लोकेशन पर की जाएगी। इन लोकेशन्स में आउटडोर-इनडोर सेटिंग्स के साथ-साथ असली लोकेशन भी शामिल हैं। सुरेश कृष्णा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एक्टर परेश रावल भी निर्देशक की भूमिका निभा रहे हैं।

## रवि किशन, तन्वी आजमी के साथ काम करना एक्टिंग इंस्टीट्यूट में एडमिशन लेने जैसा

स्ट्रीमिंग सीरीज मामला लीगल है में अपने काम के लिए काफी पॉजिटिव फीडबैक पाने वाली एक्ट्रेस नायला ग्रेवाल ने कहा कि रवि किशन, तन्वी आजमी और बृजेंद्र काला जैसे कलाकारों के साथ काम करना एक्टिंग इंस्टीट्यूट में शामिल होने जाने जैसा महसूस हुआ। रवि किशन, तन्वी आजमी, यशपाल शर्मा, विवेक मुशरान और बृजेंद्र काला जैसे अनुभवी अभिनेताओं से घिरी नायला ने खुद को टैलेंट और ज्ञान की दुनिया में पाया। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्हें को-एक्टर्स के साथ हर बातचीत में कुछ नया सीखने को मिला। उनके टैलेंट को निखारा और इंडस्ट्री में उनके एक्सपीरियंस को बेहतर बनाया।

नायला ने कहा, मामला लीगल है पर काम करना मेरे लिए शानदार एक्सपीरियंस रहा। ऐसे कलाकारों के साथ काम करना एक्टिंग इंस्टीट्यूट में जाने जैसा था। मैंने हर एक से बहुत कुछ सीखा है, और उनके मार्गदर्शन का मुझ पर गहरा प्रभाव पड़ा है। सीरीज में नायला एक वकील की भूमिका में हैं। नायला ने कहा, इतने प्रतिभाशाली कलाकारों का हिस्सा बनकर मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं। उन्होंने कहा, मामला लीगल है में एक वकील की भूमिका निभाने से मुझे अपने अंदर छिपे नए पहलुओं को जानने का मौका मिला और मैं इस तरह की सीरीज में काम पाने का मौका पाकर आभारी हूं।



## आखिर क्यों डरी हुई हैं आमिर की बेटी आयरा

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की बेटी की शादी हुए तीन महीने बीत चुके हैं। शादी के तीन महीने बाद ही आयरा खान ने सोशल मीडिया पर एक लंबी-चौड़ी पोस्ट साझा की है। पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा 'मैं डर रही हूं'। आयरा के इस पोस्ट ने आमिर खान के फैंस की चिंता बढ़ा दी है। बता दें कि आयरा खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए यह भी बताया कि वह किस चीज से डर रही हैं।

### अकेलेपन से लगता है डर

आयरा ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि उनके आसपास के लोग तो उन्हें प्यार देते हैं पर उन्हें अकेलेपन से डर लगता है। अपने पोस्ट में आयरा ने लिखा, 'मैं डरी हुई हूं। मैं अकेले रहने से डरती हूं। मुझे लाचार होने से डर लगता है। मैं दुनिया की हर बुरी चीज (हिंसा, बीमारी, बेरहमी) से डरती हूं।' आयरा आगे लिखती हैं, 'मैं खो जाने से डरती हूं। दर्द पाने से डरती हूं। चुप हो जाने से डरती हूं। हर दिन नहीं मुझे हंसते, काम करते, जीते दिखेंगे, लेकिन जब मुझे डर लगता है ये मुझे जकड़ लेता है'।

### अपने लोगों पर है भरोसा

आयरा इस पोस्ट में अपने आसपास के लोगों पर भरोसा जताते हुए लिखती हैं, 'मैं भूल जाती हूं कि अगर मुझे चोट लगती है तो मेरा ख्याल रखने के लिए लोग हैं। मैं भूल जाती हूं कि मैं खुद सक्षम हूं।' अभिनेता अली फजल ने भी आयरा की पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।





## बड़े मियां छोटे मियां की असफलता पर बोली मानुषी छिल्लर

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की हालिया रिलीज 'बड़े मियां छोटे मियां' की कमाई के मामले में हालत बहुत खराब है। देशभर में यह फिल्म अब तक 100 करोड़ की भी कमाई नहीं कर पाई है, जबकि फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपये है। मानुषी छिल्लर ने भी इस फिल्म में अहम रोल निभाया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की खराब परफॉर्मेंस पर मानुषी छिल्लर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अभिनेत्री का कहना है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चलेगी या फिर नहीं इस पर उनका बिल्कुल भी कंट्रोल नहीं है। जूम को दिए अपने एक साक्षात्कार में मानुषी छिल्लर ने कहा, 'एक अभिनेत्री के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि आपकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करें। आप चाहते हैं कि लोग आपको देखें, आपको पसंद करें, फिल्म को पसंद करें और उसे एंजॉय करें, लेकिन कभी-कभी ऐसा नहीं होता है जो कि पूरी तरह से सामान्य बात है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने स्वीकार कर लिया है। एकमात्र चीज यह है कि मुझे अच्छा काम करना है और नई नई चीजों की तलाश करनी है। मैं चाहती हूं कि फिल्ममेकर्स मुझे स्क्रीन पर काम करते हुए देखते रहें और मुझे लगता है कि यही मेरी सीख है। अपने साक्षात्कार में उन्होंने आगे कहा, 'बॉक्स ऑफिस नंबर्स एक ऐसी चीज है, जिस पर एक एक्टर के तौर पर आपका कोई कंट्रोल नहीं होता है, इसलिए जिस चीज पर मेरा कंट्रोल नहीं है मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं सोचती हूं।' मालूम हो कि मानुषी छिल्लर 'बड़े मियां छोटे मियां' से पहले कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जिसमें 'सम्राट पृथ्वीराज', 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' और 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बड़े मियां छोटे मियां' देशभर में अब तक 100 करोड के आंकड़े को भी नहीं छू पाई है। 11 दिनों में फिल्म ने सिर्फ 55.55 करोड़ का बिजनेस किया है। इस तरह बॉक्स ऑफिस पर 'बड़े मियां छोटे मियां' की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। वहीं, टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ भी नजर आई हैं।



## फिर शुरू हुई नागा और शोभिता के बीच अफेयर की चर्चा

**फिल्म जगत में काफी दिनों से नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला का नाम एक साथ लिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इन दोनों के बीच कुछ-कुछ होने की अफवाहों को एक बार फिर से हवा मिल गई है। इस कथित अफेयर को सच बताने के लिए सोशल मीडिया यूजर्स ने इस बार भी उसी तरकीब का इस्तेमाल किया है, जिसे कुछ महीनों पहले इस्तेमाल किया था। आइए जानते हैं कि क्या है दोनों से जुड़ा ताजा मामला और क्यों अफवाहों का बाजार एक बार फिर से गर्म है।**

### सोशल मीडिया यूजर्स ने ऐसे लगाया पता!

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की नई इंस्टाग्राम पोस्ट ने फिर से खलबली मचा दी है। दोनों की पोस्ट में समानता देखकर, सोशल मीडिया यूजर्स इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि दोनों के बीच कुछ पक रहा है। दरअसल, शोभिता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जीप सफारी की एक तस्वीर अपलोड की है। वहीं, नागा चैतन्य ने भी अपने हैंडल पर घूमने के दौरान की एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह सूर्यास्त का आनंद लेते दिख रहे हैं। यह तस्वीर भी किसी जंगल के इलाके की दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि यह दोनों तस्वीरें एक ही जगह की है।

### पहले भी अपनाया था यही तरीका

सोशल मीडिया यूजर्स पहले भी शोभिता और नागा की पोस्ट में समानता देख चुके हैं। दरअसल, शोभिता धुलिपाला ने पिछले साल अमेरिकी अभिनेता मैथ्यू मैक्कनौगी की किताब की फोटो साझा की थी। उस फोटो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स को नागा की एक इंस्टाग्राम पोस्ट याद आ गई थी। नागा चैतन्य भी उसी किताब की तस्वीर को पहले अपलोड कर चुके थे। उस वक्त भी दोनों के बीच अफेयर होने की जमकर चर्चा हुई थी।



### सामंथा रुथ प्रभु से लिया था तलाक

नागा चैतन्य ने 7 अक्तूबर, 2017 को सामंथा रुथ प्रभु से शादी की थी। साल 2009 में फिल्म 'ये माया चेस्वे' के सेट पर दोनों की पहली मुलाकात हुई थी। शादी के चार साल बाद दोनों ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला किया था। लोग इन दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार बरसाते थे।






## संक्षिप्त समाचार

### रामदेवबाबा सॉल्वेंट की बाजार में धमाकेदार एंट्री, 85 रुपये का शेयर पहले ही दिन 115 रुपये के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शेयर बाजार में धमाकेदार शुरुआत हुई है। कंपनी के शेयर 31 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ 112 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 85 रुपये में निवेशकों को मिले थे। यानी, लिस्टिंग के साथ ही निवेशकों को हर शेयर पर 27 रुपये का फायदा हो गया है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 अप्रैल को खुला था और यह 18 अप्रैल 2024 तक ओपन रहा। लिस्टिंग के ठीक बाद रामदेवबाबा सॉल्वेंट के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 117.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। रामदेवबाबा सॉल्वेंट की शुरुआत साल 2008 में हुई थी। कंपनी रिफाइंड राइस ब्रैन ऑयल का प्रॉडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट फिलहाल मदर डेयरी फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड, मैरिको लिमिटेड और एम्पायर स्पाइसेज एंड फूड्स लिमिटेड जैसी कंपनियों को राइस ब्रैन ऑयल सेल करती है। इसके अलावा, कंपनी अपने खुद के ब्रांड तुलसी और सेहत के तहत राइस ब्रैन ऑयल की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग करती है। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ पर टोटल 126.21 गुना दांव लगा था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 79.96 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 314.46 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 65.95 गुना दांव लगा था। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1600 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को कंपनी के आईपीओ में 1.36 लाख रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा। रामदेवबाबा सॉल्वेंट के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 50.27 करोड़ रुपये तक का था। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्स्ध्र प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 81.01 पर्सेंट थी।

### देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांचेगा खाद्य नियामक, सवाल उठे तो हरकत में सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों कुछ मसाला उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताये जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, ''मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर, एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं।'' उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) निर्यात किये जाने वाले मसालों की गुणवत्ता का नियमन नहीं करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाला एफएसएसएआई घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले उत्पाद की गुणवत्ता की जांच करने के लिए नियमित रूप से बाजार से मसालों के नमूने लेता है। इस बीच, भारतीय मसाला बोर्ड भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर हांगकांग और सिंगापुर में लगाए गए प्रतिबंध पर गौर कर रहा है। इन मसालों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाये जाने की बात कही गयी है।

# मियां-बीवी ने नौकरी छोड़ शुरू किया बिजनेस, 4 साल में बने करोड़पति

**नई दिल्ली, एजेंसी। यह कहानी है ऐसे पति-पत्नी की जिन्होंने नौकरी छोड़कर अपना कारोबार करने का फैसला किया। बहुत कम समय में इन्होंने इस बिजनेस को बुलंदियों तक पहुंचा दिया। इनके नाम हैं आरती लक्ष्मण और सुमित रस्तोगी। दोनों एर्टीन्सी नाम के स्टार्टअप के संस्थापक हैं। यह एक फूड स्टार्टअप है जो दुनिया भर में ग्लूटेन और शुगर-फ्री मिठाई की सप्लाई करता है। आइए, यहां आरती और सुमति के सफर के बारे में जानते हैं। आरती लक्ष्मण और सुमित रस्तोगी दोनों के परिवारों में डायबिटीज की हिस्ट्री रही है। हालांकि, दोनों ही मिठाई खाने के बहुत शौकीन थे। जब उन्होंने पाया कि बाजार में शुगर फ्री मिठाइयों के विकल्प बहुत सीमित हैं तो खुद ही डायबेटिक-फ्रेंडली मिठाइयां बनाने का फैसला किया।**




### फिर हुई प्रयोग की शुरुआत

खाने में गहरी दिलचस्पी रखने वाली एचआर पेशेवर आरती ने शुगर-फ्री डेसर्ट के साथ प्रयोग शुरू किया। 2012 में उन्होंने एक काउंटरटॉप आइसक्रीम मशीन खरीदी। पहले से उपलब्ध रेसिपी के साथ आरती ने मिठाई बनाना शुरू कर दिया। 2015 तक आरती ने चीनी का उपयोग किए बिना अपनी खुद की रेसिपी विकसित कर ली। फिर उन्होंने केक और कुकीज में भी हाथ आजमाया।

### नौकरी छोड़ने का फैसला

2019 में आजमाई और परखी हुई रेसिपी के साथ सुमित और आरती ने अपनी नौकरी छोड़ने का फैसला किया। सुमित ने इसके पहले तक नीलसन, सिनोवेट और कई अन्य जानी-मानी कंपनियों के साथ काम किया था। वहीं, आरती एक्सेंचर और सिटीग्रुप ग्लोबल सर्विसेज के साथ जुड़ी हुई थीं। फिर बेंगलुरु की इस दंपति ने 25 लाख रुपये की अपनी बचत के साथ जनवरी 2020 में एर्टीन्सी की शुरुआत की।

### शार्क टैंक इंडिया से मिली पहचान

फूड स्टार्टअप के संस्थापक शार्क टैंक इंडिया सीजन 3 में भी गए। इसने आर्टिन्सी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। केवल 24 घंटों में ऑर्डर में 700 फीसदी की भारी बढ़ोतरी देखने को मिली। ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले कई डायबिटिक रोगियों ने भी पूछताछ की। आर्टिंसी ने तीन वर्षों में अपनी उत्पादन क्षमता को तीन गुना कर दिया है। 25 लाख रुपये की बचत के साथ शुरू हुई आर्टिंसी का रेवेन्यू वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 4.4 करोड़ रुपये हो गया।

## विनिर्माण क्षेत्र में 40 फीसदी तक पहुंच सकती है महिला प्रशिक्षुओं की भागीदारी, 70 प्रतिशत ग्रामीण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की मांग में तेज वृद्धि हुई है। कारखाने अब लैंगिक समानता को अपना रहे हैं। इस साल के अंत तक उम्मीद है कि विनिर्माण क्षेत्र में महिला प्रशिक्षुओं की संख्या 40 फीसदी तक पहुंच सकती है। टीमलीज के अनुसार, 8 से 10 महीने में 10 वीं व 12वीं कक्षा पास करने वाली महिला प्रशिक्षु को नियुक्त करने की मांग में पांच गुना वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रशिक्षुओं की मांग में वृद्धि वाहन, ई-वाहन, इलेक्ट्रॉनिक तथा फोन विनिर्माण क्षेत्रों में तेजी के कारण आई है। इससे महिला प्रशिक्षुओं के प्रतिनिधित्व में अच्छी खासी वृद्धि का अनुमान है। विनिर्माण क्षेत्र में प्रशिक्षु के रूप में करीब 70 प्रतिशत महिलाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हैं। यह कौशल विकास तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिये इन क्षेत्रों में महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण अवसर का संकेत देता है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले हर महीने 1,000-2,000 महिला प्रशिक्षुओं की मांग थी।यह बढ़कर अब 10,000 से 12,000 प्रति महीने पहुंच गईहै।वहीं, इनकी भर्तियां भी 10-15 फीसदी से बढ़कर 40-45 फीसदी पहुंच गईहै।

## सोने की ताबड़तोड़ खरीदारी कर रहा चीन ! भारत को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन जमकर सोने की खरीदारी में लगा हुआ है। गोल्ड खरीदने में चीन ने इस साल भारत को भी पीछे छोड़ दिया है। चीन इस समय सोना खरीदने वाले देशों में पहले नंबर पर है। बीते समय में भारत दुनिया का सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाला देश बना हुआ था। हालांकि अब चीन इस मामले में भारत से आगे निकल गया है। भारत और चीन के बीच सबसे ज्यादा सोना खरीदने के मामले में मुकाबला चलता रहता है। पिछले वर्षों को देखें तो दुनिया में सबसे ज्यादा सोना या तो भारत खरीदता है या फिर चीन। चीन के सोना खरीदने के बीच गोल्ड की कीमतों में रेकॉर्ड तेजी बनी हुई है। इस साल सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंचकर वैश्विक बाजारों को आकर्षित कर रही है। चीन की ओर से सोने की खरीदारी को भी कीमतों में उछाल की एक वजह माना जा रहा है। चीन में आभूषण, बार और सिक्कों की खपत रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। चीन में गोल्ड की ज्वैलरी की डिमांड 10 फीसदी बढ़ी है, जबकि भारत में 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, चीनी बार और सिक्कों में निवेश 28 फीसदी तक बढ़ गया है। चीन में एक ओर सेंट्रल बैंक लगातार 17 महीने से गोल्ड खरीदते जा रहा है। वहीं दूसरी ओर लोगों ने चीनी नव वर्ष के मौके पर खूब सोना खरीदा है। जनवरी-मार्च के दौरान लोगों की सोने की खरीद पिछले साल से 34 फीसदी ज्यादा रही है।



## छोटी सी दुकान से हुई एवरेस्ट मसालों की शुरुआत, आज टर्नओवर 2500 करोड़ रुपये से ज्याद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप जानते हैं एनरेस्ट मसालों की शुरुआत कैसे हुई थी। कंपनी का फाउंडर कौन है। दरअसल एवरेस्ट मसालों को इस ऊंचाई तक पहुंचाने के पीछे वाडीलाल शाह की कड़ी मेहनत है। कंपनी का टर्नओवर आज करीब 2500 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुका है। एक छोटी सी दुकान से हुई एवरेस्ट मसालों की शुरुआत आज एक बड़ा ब्रांड बन चुकी है। आईए आपको बताते हैं एवरेस्ट मसालों की पूरी कहानी।

वाडीलाल शाह अपने पिता की मसालों की दुकान पर काम किया करते थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि महिलाएं मसाले खरीदते समय कोई विशेष कॉम्बिनेशन का ध्यान नहीं रखती हैं। यहीं से उन्हें आइडिया आया कि क्यों न एक कम्पलीट मसाला पैक तैयार किया जाए। इसी पर काम करते हुए वाडीलाल शाह ने एवरेस्ट मसाला का एक बड़ा ब्रांड बना दिया। कंपनी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी। भारत के चर्चित एवरेस्ट मसाला ब्रांड के मालिक वाडीलाल शाह थे। वह मूल रूप से गुजरात के जामनगर के रहने वाले थे। जामनगर में लोग उन्हें प्यार से वाडीकाका कहकर बुलाते थे।

**भारत में कौन सा मसाला ब्रांड नंबर वन है :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, एवरेस्ट मसाला ब्रांड भारत में नंबर वन है। साल 1967 में इस कंपनी की शुरुआत हुई थी।




सब्जियों के व्यंजनों के स्वाद को बढ़ाने के लिए एवरेस्ट मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। कंपनी अलग-अलग सब्जियों और व्यंजनों के लिए कई तरह के मसाले बनाती है। एवरेस्ट मसालों के में बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान नजर आते हैं।

## पावर कंपनी का कम हो गया कर्ज, शेयर खरीदने की लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को एक बार फिर स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान यह शेयर लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 679.40 के 52-सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी दिन है जब शेयर में तूफानी तेजी आई है। वहीं, सितंबर 2019 के बाद पहली बार शेयर ने इस स्तर को टच किया है। बता दें कि यह शेयर 753.45 के अपने ऑल टाइम हाई से केवल 9 प्रतिशत दूर है। इस महीने में अब तक शेयर में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, साल-दर-साल इस शेयर में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के शानदार तिमाही नतीजे की वजह से कंपनी के शेयर रॉकेट की तरह बढ़ रहे हैं। मार्च तिमाही के दौरान कंपनी घाटे से मुनाफे में आई और 1.40 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ। इससे पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी को 421.11 करोड़ का घाटा हुआ था। कंपनी की कुल आय पिछले वर्ष के 86.36 करोड़ से बढ़कर 1211 करोड़ हो गई। एबिटा के मोर्चे पर कंपनी ने एफवाय24 में 54 करोड़ का पॉजिटिव ग्रोथ देखा।



इसके अलावा एफवाय24 में कंपनी ने अपनी बैलेंस शीट को मजबूत किया है। कंपनी का एफवाय23 में कुल कर्ज 1966 करोड़ था जो घटकर 116 करोड़ हो गया है। कंपनी ने ये भी स्पष्ट किया है कि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही तक कोई एडवांड कर्ज भुगतान नहीं है। मार्च 2024 तक कंपनी के पास ऑर्डर 8084 करोड़ था, जबकि मार्च 2023 तक यह 4913 करोड़ था। बता दें कि स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी एंड-टू-एंड सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) समाधानों का एक लीडिंग सर्विस प्रोवाइडर है।

## एनर्जी कंपनी को मिला बड़ा ऑर्डर, शेयर पर टूटे निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनर्जी सेक्टर से जुड़ी कंपनी केपी एनर्जी लिमिटेड को विंड एनर्जी का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर के बाद केपी एनर्जी के शेयर पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को केपी एनर्जी शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। इस शेयर की पिछली क्लोजिंग 390.35 रुपये थी जो मंगलवार को 409.85 पर पहुंच गया।



बता दें कि 26 फरवरी 2024 को शेयर की कीमत 465 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मई 2023 में शेयर की कीमत 58.61 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। एक साल की अवधि में इस शेयर ने निवेशकों को 550 प्रतिशत से ज्यादा का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। केपी एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसे विंड एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए भथवारी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से एक नया ऑर्डर मिला है। यह परियोजना विंड-सोलर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट का एक घटक है जो गुजरात में स्थित है। यह परियोजना राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) नेटवर्क का हिस्सा है और कैप्टिव पावर प्रोजेक्ट के तहत है। इस परियोजना के वित्तीय वर्ष 2024-2025 में समाप्त होने की उम्मीद है और इसमें टर्नकी परियोजना विकास के लिए सप्लाई और सर्विस, दोनों शामिल हैं। मार्च तिमाही के दौरान केपी एनर्जी लिमिटेड के नेट प्रॉफिट में लगभग 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह एक साल पहले की अवधि में 15.48 करोड़ था जो 24.89 करोड़ रुपये है। इसका राजस्व 148.44 करोड़ रुपये के मुकाबले 39.6 प्रतिशत बढ़कर 207.26 करोड़ रुपये हो गया। केपी एनर्जी की मुख्य कारोबारी गतिविधियों में विंड फार्मों का निर्माण, विंड एनर्जी प्रोजेक्ट और संबंधित सर्विसेज का निर्माण, विंड एनर्जी उत्पादक संपत्तियों का उपयोग करके बिजली का उत्पादन और विंड एनर्जी परियोजनाओं का ऑपरेशन या मेंटेनेंस शामिल हैं।

## भोपाल की स्टार्टअप, सोलर स्क्वैयर कैसे भारत की नं.1 होम सोलर कंपनी बनी

**भोपाल।** बिजली के बढ़ते बिल और मौसम की अत्यधिक चरम परिस्थितियों के कारण कई औसत भारतीय परिवार ऊर्जा के वैकल्पिक साधन तलाशने की ओर प्रेरित हुए हैं। पिछले पाँच सालों में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के फेज़ 2 सब्सिडी कार्यक्रम की मदद से 6,00,000 परिवारों ने सौर ऊर्जा को अपनाया, जिनमें से लगभग 1,30,000 से 1,50,000 परिवारों ने केवल 2023 में सौर ऊर्जा का उपयोग शुरू किया।

सौर ऊर्जा अपनाने की बढ़ती दर को देखते हुए प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने रीवा, मध्य प्रदेश में 750 मेगावॉट के अल्ट्रा मेगा सौर बिजली पार्क का उद्घाटन किया, जो एशिया की सबसे बड़ी सौर बिजली परियोजना भी है। सौर ऊर्जा की अधिकता वाला देश बनने के भारत सरकार के उद्देश्य के अनुरूप, साल 2015 में नीरज जैन और निखिल नाहर ने फुल स्टैक रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर एनर्जी का गठन किया, जिसमें 2019-20 में श्रेया मिश्रा भी शामिल हो गयीं। तब से यह सकारात्मक परिवर्तन के इस सफर में अपना सक्रिय योगदान दे रहा है।

मध्य प्रदेश से शुरू हुए स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर की प्रतिष्ठा बढ़ाने में भोपाल की एंटरप्रेन्योर श्रेया मिश्रा ने मुख्य भूमिका निभाई है। आईआईटी, बॉम्बे की ग्रेजुएट, श्रेया मिश्रा को फोर्ब्स ने 30 अंडर 30 एशिया की सूची में भी स्थान दिया 7 उनके दूरदर्शी नेतृत्व और सोलर सॉल्यूशंस के विकास की अटल प्रतिबद्धता ने कंपनी को आवासीय सौर बाजार की एक महत्वपूर्ण कंपनी बना दिया। उनके मार्गदर्शन में सोलरस्क्वैयर कई प्रगतियों के साथ अपनी स्थिति मजबूत करते हुए पूरे देश की पसंदीदा कंपनी बन गई। एक कंज़्यूमर बिज़नेस संभालने के अपने पिछले अनुभव के साथ श्रेया ने इस ब्रांड को अपनी महत्वपूर्ण विशेषज्ञता प्रदान की। यह उनकी बहुमुखी प्रतिभा और इनोवेटिव भावना का प्रमाण है, जिसने सोलरस्क्वैयर को मध्य प्रदेश और पूरे देश में एक अग्रणी स्टार्टअप के रूप में स्थापित कर दिया।




सोलरस्क्वैयर भारत का एक अग्रणी आवासीय सोलर ब्रांड है। यह 100 से ज्यादा आवासीय सोसायटीज़ में इंस्टॉलेशन कर चुका है और 12,000 से ज्यादा परिवारों को समर्थ बना चुका है। श्रेया मिश्रा ने बताया, ''हमारा सफर आकस्मिक रूप से शुरू हुआ। 8 राज्यों और 16 शहरों में काम करते हुए हमने महसूस किया कि घनी आबादी वाले शहरों, जैसे बैंगलुरू, मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में सोलर उद्योग के लिए बड़ी संभावनाएं हैं।

सोलरस्क्वैयर द्वारा पहले वाणिज्यिक और औद्योगिक सेगमेंट्स को सेवाएं दी गई थीं, लेकिन अब यह आवासीय इंस्टॉलेशन पर केंद्रित हो गया है, जिससे इसका 80 प्रतिशत व्यवसाय आता है। इस रणनीतिक केंद्रण ने कंपनी की महत्वपूर्ण वृद्धि कर इसे दोगुने आकार तक पहुँचा दिया। सोलरस्क्वैयर के दृष्टिकोण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, और यह बिक्री करने से पहले ग्राहकों को सौर ऊर्जा के फायदों के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सौर ऊर्जा के बारे में फैली गलत धारणाओं के बीच ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त सौर समाधान की पहचान किया जाना बहुत आवश्यक है। एक धारणा यह फैली है कि सोलर रूफटॉप सिस्टम्स के लिए बहुत कम रखरखाव जरूरी होता है, और इसका रखरखाव स्वयं ग्राहक आसानी से कर सकते हैं, इस धारणा की वजह से कई लोगों ने आफ्टर-सेल्स सर्विस की उपलब्धता देखे बिना ही सोलर सिस्टम खरीद लिए। इसलिए इस वास्तविकता का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है कि सोलर प्लांट के रखरखाव के लिए व्यवसायिक विशेषज्ञता का होना बहुत जरूरी होता है, तभी वो अच्छी परफॉर्मेंस दे सकते हैं। इसलिए, सोलर सिस्टम के साथ एक सही आफ्टर-सेल्स सर्विस में निवेश करना भी बहुत महत्वपूर्ण होता है।

## सरकारी बैंकों के पास एलओसी जारी करने का पावर नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को दिए गए अपने एक फैसले में कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास केंद्र सरकार के ऑफिस मेमोरेंडा के तहत भारतीयों और विदेशियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने की शक्ति नहीं है। एलओसी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जीएस पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार ने यह घोषणा की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हालांकि केंद्र सरकार का कार्यालय ज्ञापन अपने आप में असंवैधानिक नहीं है, लेकिन बैंक मैनेजरों को एलओसी जारी करने का अधिकार देना मनमाना माना जाता है। विशेष रूप से यह फैसला ट्रिब्यूनल या क्रिमिनल कोर्ट द्वारा जारी किए गए मौजूदा आदेशों को प्रभावित नहीं करता है, जो किसी इंडिविजुअल को विदेश यात्रा से प्रतिबंधित करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के इमीग्रेशन ब्यूरो द्वारा प्रशासित एलओसी, अफसरों को इंडीविजुअल्स को भारत छोड़ने से रोकने में सक्षम बनाती है।

# अंतराष्ट्रीय रेसलर रिंकू सिंह ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को कहा अलविदा



## बोले- भारत के सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में बड़े-बड़े विदेशी रेसलरों के छक्के छुड़ाने वाले जिले के गोपीगंज क्षेत्र के होलपुर निवासी रिंकू सिंह राजपूत वीर महान का जलवा अब नहीं दिखेगा।

अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसके पीछे के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। माथे पर त्रिपुंड, गले में रूद्राक्ष की माला और विशिष्ट भारतीय वेशभूषा और लंबे-चौड़े डीलडौल शरीर वाले वीर महान जब डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते थे तो विदेशी रेसलरों के पसीने छुट जाते थे। भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के एक छोटे से गांव होलपुर से निकलकर अंतराष्ट्रीय फलक पर छाने वाले रिंकू सिंह राजपूत के पिता ट्रक ड्राईवर थे। शुरू से ही जिद्दी और लक्ष्य के प्रति अडिग रहने वाले रिंकू ने पहले जैवेलिन थ्रोअर के रूप में शुरूआत की।

### रिंकू ने ट्वीट कर दी जानकारी

बाद में उन्होंने बेसबॉल में नाम कमाया और फिर डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते ही देश-दुनिया में छा गए। रिंग में इन्हें वीर महान के नाम से जाना जाता था। अपने पिता के बेहद करीब रिंकू सिंह राजपूत बीते साल अप्रैल माह में भदोही जिले में आए थे। उन्होंने लिखा...बात जब भारतवासियों के मान-सम्मान पे आ जाए तो त्याग सबसे पहले। गुड बॉय डब्ल्यूडब्ल्यूई...।

रिंक सिंह राजपूत को के इस फैसले को लेकर जब उनके परिवार से बात करने का प्रयास किया जाए तो परिजनों ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। उनके छोटे भाई राजन सिंह ने कि ये उनका फैसला है। इसके बारे में वहीं बता सकते हैं।

### पिता को प्रतिदिन फोन पर देते हैं समय

रिंकू सिंह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व भगवान शिव के भक्त और मां भगवती के उपासक हैं। रिंकू सिंह के बड़े भाई राजन सिंह बताते हैं कि वे मां के काफी करीब रहे हैं। अब भी सात समुंदर पार होने और इतना व्यस्त होने के बावजूद प्रतिदिन बाबूजी (पिता) को सुबह या शाम में जरूर समय देते हैं।

### शुद्ध शाकाहारी हैं वीर महान

बताते हैं कि बीते वर्ष सर्दी के मौसम में घर आए थे। राजन सिंह बताते हैं कि रिंकू जहां रहते हैं अपनी पूजन की सामग्री साथ रखते हैं। प्रतिदिन समय के अनुसार पूजा करना, चंदन लगाना उनकी दिनचर्या है। भक्ति की वजह से ही उन्होंने अपनी भुजा पर राम और सीने पर मां लिखवाया है। वह शुद्ध

# यशस्वी के नाबाद शतक की बदौलत राजस्थान ने मुंबई को 9 विकेट से रौंदा



**जयपुर, एजेंसी।** सोमवार को राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की आईपीएल में शानदार फॉर्म देखने को मिली। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सवाई मानसिंह स्टेडियम में शानदार नाबाद शतक उड़ाया। जयसवाल शतक के दम पर राजस्थान रायल्स ने अपनी शानदार फार्म की बदौलत मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से रौंद दिया।

180 रनों के लख्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की बल्लेबाजी ने शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जयस्वाल ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के रूप में केवल एक विकेट गंवाया। जोस बटलर मात्र 25 गेंद पर 35 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने शानदार पारी खेली। कप्तान संजू सैमसन ने जायसवाल के साथ मिलकर मैच फिनिश किया। संजू सैमसन ने 28 गेंद पर 38 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

यशस्वी जासवाल ने इस आईपीएल सीजन में पहला शतक बनाया। उन्होंने 60 गेंद पर नाबाद 104 रन की पारी खेली। जायसवाल ने अपनी पारी में 9 चौके और 7 छक्के लगाए। मैच के अंत में जायसवाल ने विजयी चौका लगाया। इससे पहले आईपीएल के 17वें सीजन में सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। हार्दिक पांड्या ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में कुछ बदलाव किए। जबकि राजस्थान ने कुलदीप सेन की जगह संदीप शर्मा को प्लेइंग-11 में शामिल किया।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) 7 में से 6 मैच जीतकर 12 पॉइंट्स के साथ अंक तालिक में टॉप पर थी। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस (एमआई) 7 में से 3 मैच जीतकर 6 पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर थी। हार्दिक पांड्या की टीम के पास इस मुकाबले को जीतकर अंक तालिका में लंबी छलांग लगाने का मौका था। इस सीजन आरआर का उनके होमग्राउंड पर रिकॉर्ड दमदार रहा है। ऐसे में मुंबई के लिए यह राह इतनी आसान नहीं रही। इस सीजन में दूसरी बार दोनों टीमें एक-दूसरे से भिड़ी। इससे पहले मुबंई में दोनों टीमों का सामना हुआ था, जहां जीत राजस्थान की हुई थी। हेड टू हेड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच आईपीएल में कुल 29 मैच खेले गए हैं। 15 में मुंबई और 13 में राजस्थान को जीत मिली है, एक मैच बेनतीजा रहा।

**युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास**

## आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। चहल ने मोहम्मद नबी (23) का विकेट लेकर 200 विकेट की उपलब्धि हासिल की। चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।केवल दो अन्य व्यक्ति पहले टी20 प्रतियोगिता में 200 विकेट तक पहुंचे हैं- डैनी ब्रिग्स (219) और समित पटेल (208) - दोनों इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में।

**संक्षिप्त समाचार**

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे नरेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज खिलाड़ी सुनील नरेन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपना रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। उनका कहना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी के दरवाजे अब उनके लिए बंद हो गए है। वह आईसीसी वर्ल्ड कप में उन खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं। सुनील नरेन ने 2023 नवंबर में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।

### आईपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन

नरेन आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स से खेल रहे हैं। इस सीजन उन्होंने ढ्ढक्रमें कोलकाता के लिए ओपनिंग करते हुए 7 मैचों में 176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है। वहीं उन्होंने 7 मैचों में 7.11 की इकोनॉमी रेट से 9 विकेट लिए हैं।

### वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज से खेलने वाले खिलाड़ियों का करेंगे समर्थन

नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे आशा है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरी रिटायरमेंट से बाहर आने और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने आगे लिखा- मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है। हालांकि, मैं कभी निराश नहीं होना चाहता, लेकिन वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन लोगों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे। जिन लोगों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और हमारे प्रशंसकों को यह दिखाने के लायक हैं कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।

## युगांडा को टी20 वर्ल्ड कप में कोचिंग देगा पूर्व भारतीय क्रिकेटर, कई टीमों को दे चुके हैं ट्रेनिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।**भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को युगांडा राष्ट्रीय टीम के आगामी टी20 विश्व कप में पदार्पण से पहले उसका मुख्य कोच नियुक्त किया जायेगा। शर्मा को भारत ए और भारत की अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका निभाने का अनुभव है



और वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। 54 साल के शर्मा ने अंतिम बार दिल्ली रणजी टीम को कोचिंग दी थी।

नवंबर में युगांडा अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली अंतिम टीम बनी थी। नामीबिया अफ्रीका क्वालीफायर से आईसीसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम थी। एक सूत्र ने कहा, 'अभय शर्मा को युगांडा राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद की पेशकश की गयी है। उनके जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

## भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज को लेकर आया पीसीबी प्रमुख का बयान, रखी ये शर्त

**लाहौर , एजेंसी।** हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने को लेकर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक रवैया अपनाया था। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी इसे लेकर अपनी राय व्यक्त की है। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने को लेकर सवाल पूछा गया था तो उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक रवैया अपनाया था। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी इसे लेकर अपनी राय व्यक्त की है। नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलने के तैयार है।

**विकल्प पर विचार के लिए तैयार-** न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की थी और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट सीरीज खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा, देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य



चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है। एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं।

**आखिरी बार 2012-13 में खेली थी सीरीज-** भारत और पाकिस्तान की टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय सीरीज खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था, लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं। राजनीतिक कारणों के चलते लंबे समय से दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है। दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप के ग्रुप चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था। दोनों टीमों के बीच इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के दौरान भी मैच खेला जाना है। पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंततः एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में हुआ था। नकवी ने फरवरी में दुबई में आईसीसी बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात की थी।

**रोहित ने क्या दिया था बयान?-** हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक पॉडकास्ट के दौरान रोहित से पूछा था कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच नियमित रूप से मैच होना टेस्ट क्रिकेट के लिए फायदेमंद रहेगा? इस पर रोहित ने कहा था, मेरा मानना है कि वे अच्छी टीम है।

**पाक वर्सेस न्यूजीलेंड**

## शाहीन अफरीदी ने रिजवान की तुलना ब्रैडमैन से की, सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल

**कराची, एजेंसी।** रिजवान ने हाल ही में टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे किए थे। इस मामले में उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम और भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया था।पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में 3000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने थे। रिजवान कप्तान बाबर आजम के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के दूसरे बल्लेबाज बने थे। पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रिजवान की सराहना की और इस दौरान उनकी तुलना ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन से कर दी। इस कारण शाहीन खूब ट्रोल हुए और फैंस ने जमकर उनके मजे लिए।



### सबसे तेज पूरे किए थे तीन हजार रन

रिजवान ने हाल ही में टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे किए थे। इस मामले में उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम और भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया था। बाबर ने 81 पारियों में तीन हजार रन पूरे किए थे, जबकि कोहली ने भी टी20 प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए इतनी ही पारियां ली थी, लेकिन मोहम्मद रिजवान ने इन दोनों को पीछे छोड़ा और सिर्फ 79 पारियों में ऐसा किया था।

### शाहीन ने रिजवान की जमकर की सराहना

शाहीन ने रिजवान की तारीफ करते हुए एक्स पर लिखा, टी20 क्रिकेट के ब्रैडमैन और पाकिस्तान के सुपरमैन मोहम्मद रिजवान के लिए चीयर्स, जिन्होंने टी20 में तीन हजार रन पूरे किए। आपका प्रभाव खेल में दिख रहा है और आपने आलोचना करने वालों का मुंह बंद कर दिया है। ऐसे ही आगे बढ़ते रहो चैंपियन। आप कई लोगों के लिए प्रेरणस्त्रोत हैं।

### फैंस ने लिए मजे

शाहीन की इस पोस्ट पर फैंस ने खूब मजे लिए और रिजवान की तुलना ब्रैडमैन से करने पर उन्हें जमकर ट्रोल किया। मालूम हो कि रिजवान और बाबर बड़े टूर्नामेंट में प्रदर्शन करने में विफल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में खेले गए पिछले विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान का शीर्ष क्रम प्रभावित करने में असफल रहा था। हालांकि गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से टीम ने वापसी की थी, लेकिन बेन स्टोक्स ने बेहतरीन पारी खेल इंग्लैंड को जीत दिलाई थी।

### शाहीन से हाल ही में छीनी थी कप्तानी

शाहीन को पिछले साल नवंबर में बाबर आजम की जगह पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उनके नेतृत्व में टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शाहीन को हटाकर दोबारा बाबर आजम को सीमित ओवरों की कमान सौंप दी थी। पाकिस्तान की टीम फिलहाल न्यूजीलैंड के साथ पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज खेल रही है।

## हार्दिक पंड्या पर एक बार फिर इरफान पठान ने साधा निशाना


**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में 22 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आठ मैचों में मुंबई इंडियंस की टीम महज तीन ही मैच जीत पाई और इन सबके बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या लगातार आलोचकों के निशाने पर हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और संदीप शर्मा ने पांच विकेट चटकाए।

इस मैच के बाद इरफान पठान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की, लेकिन साथ ही हार्दिक पांड्या पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है।

## रिटायरमेंट: भारत के सबसे सफल स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते



थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसे विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों पर खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन हर चीज का अंत होता है। यह पोस्ट लिखते समय मैं भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है, इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीसीए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### पिद्दी और उसके दोस्तों का ज़बरदस्त कराटे कौशल देखें ब्रांड न्यू शो कराटे शीप में

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी ये! पर इस अप्रैल कराटे शीप में शीप्स का झुंड लेकर आ रहा है हँसी से भरपूर बेहतरीन कराटे मूव्स। पिद्दी और कुंग-फू कुमारी के फार्म में देखने को मिलेंगे हँसी से लोटपोट कर देने वाले शानदार कराटे मूव्स और फ्लाइंग किक। वो आपको कभी बोर नहीं होने देंगे। कभी पढ़ना सीखकर, तो कभी हास्यास्पद गैजेट का उपयोग करके या फिर जंगल में खो जाने तक वो हमेशा कुछ ना कुछ मनोरंजक करते रहते हैं। वहीं दूसरी ओर भूखा भेड़िया उन पर सेंध लगाता रहता है, और इन भेड़ों को खाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कभी वह पिद्दी और कुंग-फू कुमारी के डांस रूटीन को बिगाड़ देता है या उनसे कराटे सीखने के जाल में उन्हें फँसा लेता है। लेकिन हर बार ये भेड़ें कराटे के अपने बेहतरीन मूव्स से भेड़िये को दूर उड़ा देती हैं। कुंग-फू कुमारी के जोश और पिद्दी के नेतृत्व के साथ ये झबरीले लड़ाके भेड़ भेड़िये को हराकर साबित कर देंगे कि साइज़ कोई मायने नहीं रखता। तो यह ऑल-न्यू शो देखने के लिए कैलेंडर की तारीखें नोट कर लीजिए, क्योंकि पिद्दी और कुंग-फू कुमारी जंगल में अपना एडवेंचर शुरू कर रहे हैं।

### कांग्रेस का घोषणापत्र पाकिस्तान में चुनाव जीतने जैसा, हिमंत ने मेनिफेस्टो को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

**एर्नाकुलम (केरल)।** असम के सीएम और बीजेपी नेता हिमंत बिस्वा शर्मा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर एक बार फिर निशाना साधा है। असम सीएम ने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र इस तरह से तैयार किया गया है कि वे पाकिस्तान में चुनाव जीतें। घोषणापत्र पाकिस्तान के लोगों के लिए अधिक और भारत के लोगों के लिए कम है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस ने ऐसा घोषणा पत्र बनाया है जो आम जनता से संसाधन छीन लेगा और कांग्रेस देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगी। हमने कांग्रेस के घोषणापत्र की सबसे सही तरीके से व्याख्या की है। मैं उन्हें चुनौती दूंगा कि वे सार्वजनिक बहस के लिए आएं और दिखाएं कि यह घोषणापत्र तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है...प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि देश के संसाधनों पर हर किसी का अधिकार है। यह कांग्रेस पार्टी को बताना है कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार एक विशेष समुदाय का है। राहुल गांधी पप्पू के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार हैं।

### संपत्ति के लिए मां-बाप की दी सुपारी, छोटे भाई की कराई हत्या

**गडग।** कर्नाटक के गडग में चार लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने सुपारी किलिंग गिरोह को पकड़कर इस मामले को सुलझा लेने का दावा किया है। इस हत्याकांड में बड़े बेटे विनायक बकाले ने संपत्ति के विवाद में अपने छोटे भाई और मां-बाप की हत्या कराने के लिए 65 लाख रुपये की सुपारी दी थी। हालांकि साजिश पूरी तरह सफल नहीं रही और उसके मां-बाप की जान बच गई। पुलिस के अनुसार विगत 19 अप्रैल को गडग के दसारा ओनी में 35 वर्षीय विनायक ने सुपारी लेकर हत्या करने वाले गिरोह के हाथों अपने छोटे भाई कार्तिक बकाले (27), नजदीकी रिश्तेदार परशुराम हदीमनी (55), लक्ष्मी हदीमनी (45) और आकांक्षा हदीमनी (16) को मरवा दिया। निशाने पर उसके माता-पिता क्रमश- सुनंदा बकाले और प्रकाश बकाले बाल-बाल बच गए। प्रकाश और सुनंदा भाजपा के स्थानीय नेता हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कार्तिक की शादी तय हो गई थी और उसमें शामिल होने के लिए ही हदीमनी परिवार वहां आया था। इस हत्याकांड के बाद जब देखा गया कि घर से शादी के गहने और अन्य कीमती सामानों को हाथ तक नहीं लगाया गया है तो यह साफ हो गया कि इस हत्याकांड का कारण लूटपाट कतई नहीं था। आइजी पुलिस (नार्थ जोन) विकास कुमार ने बताया कि विनायक ने सुपारी के 65 लाख रुपये फिरोज को दिए थे, जिससे उसने वाहन और हथियारों का इंतजाम किया। वारदात में शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों में फिरोज काजी (29), जिशान काजी (24), जुड़वां भाई सोहेल अशफाक काजी (19), साहिल अशफाक काजी (19) सभी गडग से, सुल्तान जिलानी शेख (23), महेश जगन्नाथ सालुके (21) सभी महाराष्ट्र के सांगली से पकड़े गए हैं।

# एनसीआर में फिर स्वाइन फ्लू की दस्तक, एक शख्स की मौत भी हो गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
स्वाइन फ्लू से राजनगर एक्सटेंशन के कारोबारी की सोमवार को मौत हो गई। चार दिन से वह निजी अस्पताल में भर्ती थे। मामले में अस्पताल को नोटिस जारी कर मरीज की सूचना स्वास्थ्य विभाग को न देने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

राजनगर एक्सटेंशन निवासी 54 वर्षीय कपड़ा कारोबारी को 18 अप्रैल को बुखार, हाइपरटेंशन की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में उन्हें गंभीर निमोनिया की भी पुष्टि हुई। मरीज को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। स्वाइन फ्लू (एच1एन1) की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। अस्पताल के अनुसार, कारोबारी को पहले से कोई बीमारी नहीं थी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने कहा, अस्पताल से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

गाजियाबाद जिले में पांच साल बाद स्वाइन फ्लू से किसी की मौत हुई है। इससे पहले वर्ष 2019 में मोदीनगर की आदर्श कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय महिला मंजू शर्मा की जान चली गई थी।



वर्ष 2017 में स्वाइन फ्लू का सबसे ज्यादा असर दिखा था। उस समय चार लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को कारोबारी की मौत से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि कारोबारी के घर के आसपास जांच कराई जा रही है। शरीर में दर्द, ठंड लगना, खांसी, सिरदर्द, बुखार, उल्टी और दस्त। सामान्य फ्लू जैसे लक्षण होने के बाद भी यह इंसानों के लिए जानलेवा है। गंभीर मामलों में सांस की तकलीफ होती है,जिससे मौत का खतरा है। हालांकि, अधिकांश लोगों में लक्षण हल्के होते हैं। वायरस वाली सतह से संक्रमण को आपके शरीर में फैलने से रोकने के लिए बार-बार छुई जाने वाली सतहों की नियमित रूप से साफ-सफाई करें। इस बीमारी से पीड़ित लोगों के संपर्क में आने से बचें। यदि लक्षण आ गए हैं तो डॉक्टर से सलाह के अनुसार दवा लें और घर पर ही रहें। इसके लक्षण सामान्य फ्लू जैसे ही होते हैं। इसलिए फ्लू में अंतर करना मुश्किल होता है। डॉक्टर एच1एन टेस्ट के जरिए संक्रमण की जांच करते हैं। यह बीमारी लगभग आठ दिनों तक रहती है।

कुछ लोगों में एच1एन1 फ्लू का खतरा अधिक होता है। बुजुर्गों, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, मधुमेह, एचआईवी व कैंसर पीड़ितों, गर्भवती महिला, अस्थमा, हृदय रोग से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी की जरूरत है। स्वाइन फ्लू हवा के जरिए एक इंसान से दूसरे इंसान में फैल सकता है। संक्रमित व्यक्ति के छींकने या खांसने से वायरस दूसरों में फैल जाता है। इसलिए ऐसे लोग हमेशा रूमाल या कपड़े का इस्तेमाल करें। स्वाइन फ्लू आमतौर पर एच1एन1 फ्लू इन्फ्लूएंजा-ए वायरस के परिवार का हिस्सा है। यह वायरस आमतौर पर संक्रमित सूअर के संपर्क में आने से होता है। यह मरीज के नाक, गले और फेफड़ों की कोशिकाओं को संक्रमित करता है।

## एनसीएलटी ने सुभाष चंद्रा के खिलाफ दिए दिवालिया कार्यवाही शुरू करने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सोमवार को इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस की याचिका पर मीडिया दिग्गज सुभाष चंद्रा के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया। एनसीएलटी की दो सदस्यीय दिल्ली पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जीईएल) के चेयरमैन एमेरिटस चंद्रा के खिलाफ कारपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया (सीआइआरपी) शुरू करने का निर्देश दिया।

चंद्रा एस्सेल समूह से जुड़ी कंपनी विवेक इन्फ्राकान लिमिटेड को दिए गए कर्ज के गारंटर थे। हालांकि, पीठ ने दो अन्य लेनदारों आइडीबीआइ ट्रस्टीशिप और एक्सिस बैंक द्वारा दायर इसी तरह की याचिकाओं को खारिज कर दिया। 2022 में विवेक इन्फ्राकान द्वारा लगभग 170 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के लिए बाद इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया था। विवेक इन्फ्राकान चंद्रा द्वारा प्रवर्तित एस्सेल ग्रुप का एक हिस्सा है। दिवालिया समाधान प्रक्रिया शुरू होने के बाद चंद्रा किसी भी संपत्ति को बेच नहीं सकेंगे। दरअसल, वर्ष 2019 में सरकार ने दिवालिया कानूनों के प्रविधानों में संशोधन किया था। जिसके बाद लेनदारों को व्यक्तिगत गारंटरों के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही दायर करने की अनुमति मिल गई है।

# दिल्ली में दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी का अहसास, तेज हवा चलने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में धूप दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी का अहसास बढ़ने लगता है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल के इस समय के लिए सामान्य तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि सापेक्षिक आर्द्रता 27 प्रतिशत से 54 प्रतिशत के बीच रही। आईएमडी ने मंगलवार को दिन में आसमान साफ रहने और तेज हवा चलने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार राजधानी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 38 और 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले सात दिनों तक राष्ट्रीय राजधानी में लू चलने की कोई संभावना नहीं है। आईएमडी के अनुसार, हीटवेव की स्थिति तब लागू होती है जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास या उससे ऊपर होता है।



राजधानी के कई इलाकों में रविवार रात तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके चलते मौसम में नमी बढ़ी और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार सुबह तेज सूरज निकला, लेकिन रविवार रात को हुई बूदांबांदी के चलते तापमान में तेजी से इजाफा नहीं हुआ। मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां पर आर्द्रता का स्तर 69 से 27 फीसदी तक रही। वहीं, मौसम की इन गतिविधियों के चलते दिल्ली की हवा लगातार साफ बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 127 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो-तीन दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का यह स्तर बना रहेगा।

# क्यों नहीं हटे कचरे के पहाड़, राजनीति नहीं जनता के बारे में सोचे भाजपा; दिल्ली में कूड़े की आग पर सियासी आंच तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग को लेकर सोमवार को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। भाजपा ने आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम पर हमला किया। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने लैंडफिल स्थल का दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आप सरकार के भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आग लगने की पीछे दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। एमसीडी की सत्ता में आने से पहले आप ने 31 दिसंबर 2023 तक कूड़ा हटाने का दावा किया था लेकिन अभी तक नहीं हटा।

सचदेवा ने कहा कि 18 घंटे की बाद आग सुलग रही है, जबकि निगम की सत्ता में आने से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी लगातार लैंडफिल साइटों को लेकर सवाल उठाते थे। उन्होंने जनता से वादा किया गया था कि अगर निगम की सत्ता आए तो दिसंबर 2023 तक गाजीपुर के साथ भलस्वा और ओखला की लैंडफिल साइट को साफ कर दिया जाएगा।



दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि गाजीपुर लैंडफिल साइट में लगी आग को बुझाने के लिए केंद्र सरकार और दिल्ली नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित करना चाहिए। पहले से ही प्रदूषण का दंश झेल रहे दिल्लीवालों के स्वास्थ्य पर धुआं गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। लैंडफिल साइट में लगातार आग सुलग रही है और इससे जहरीला धुआं निकल रहा है। भाजपा के आरोपों पर महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने पलटवार किया। महापौर ने कहा भाजपा को समझना होगा कि आपदा के समय राजनीति न करे। सबको मिलकर जनता के बारे में सोचना चाहिए। लैंडफिल साइटों में कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई को कम किया है। निगम की स्थायी समिति का गठन होने के बाद अतिरिक्त एजेंसियों को कूड़ें को खत्म करने की जिम्मेदारी सौपेंगे। डॉक्टरों के मुताबिक, गाजीपुर लैंडफिल साइट के कूड़े में भारी मात्रा में कैमिकल होता है। इसमें आग लगने से फैलने वाला धुआं आसपास रहने वाले लोगों को गंभीर रूप से बीमार कर सकता है।

## अमेरिकी रिपोर्ट में इस्राइल पर मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप, ब्लिंकन बोले- अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच गाजा की हालत बिगड़ती जा रही है। यहां मानवीय सहायता पहुंचाने के सभी रास्ते धीरे-धीरे इस्राइल ने लगभग बंद कर दिए हैं। इस बीच, एक बार फिर अमेरिका ने इस्राइल को आंखें दिखाई हैं। उसने इस्राइल से नागरिकों के नुकसान को कम करने का आग्रह किया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने मानवाधिकार उल्लंघन पर अपनी रिपोर्ट जारी की और गाजा में मानवाधिकारों के हनन पर चिंताओं को रेखांकित करते हुए इस्राइल पर प्रकाश डाला। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि गाजा में इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष मानवाधिकारों के लिए परेशान करने वाली चिंताएं पैदा कर रहा है। उन्होंने सात अक्तूबर के हमास आतंकवादी हमलों की निंदा की है, जबकि इस्राइल से अपनी प्रतिक्रिया में नागरिक क्षति को कम करने का आग्रह किया।

वार्षिक देश रिपोर्ट में इस्राइल पर 103 पन्नों में बात की गई है। इसमें एक दर्जन से अधिक प्रकार के मानवाधिकारों के हनन की विश्वसनीय रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसमें हत्याएं, यातना, मनमानी हिरासत, संघर्ष-संबंधी यौन हिंसा या सजा और कथित अपराधों के लिए परिवार के सदस्यों की सजा शामिल है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का मानवाधिकार की स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसमें हमास और इस्राइली सरकार दोनों द्वारा गैरकानूनी हत्याओं की विश्वसनीय रिपोर्टों का हवाला दिया गया। ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मानवाधिकारों पर विदेशी देशों के रिकॉर्ड के बारे में आकलन करना जारी रखेगा।

ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि इस्राइल को अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की आवश्यकता है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभाग अभी भी युद्ध के दौरान गाजा में नागरिक मौतों के बारे में चिंता जता रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने गाजा में मानवीय सहायता पहुंच, नागरिक विस्थापन और पत्रकारों की मौत के बारे में भी बार-बार चिंताएं उठाई हैं।

बता दें, इस्राइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इस्राइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है।

# गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन, विश्वविद्यालयों में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों की बाढ़

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं।

गाजा युद्ध को लेकर बाइडन पर बढ़ा दबाव

अमेरिकी की कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी तक सभी में फलस्तीन समर्थक रैलियां निकाली जा रही हैं और हजारों छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र गाजा में हो रही आम नागरिकों की मौतों के लिए बाइडन सरकार और उनकी नीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कक्षाएं स्थगित चल रही हैं। येले पुलिस ने दर्जनभर प्रदर्शनकारी छात्रों को गिरफ्तार भी किया है। यूनिवर्सिटी परिसर में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने तंबू भी गाड़ दिए हैं। ऐसा ही हाल अमेरिका के अन्य कॉलेजों का भी है।

एक अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों में युद्ध को लेकर प्रदर्शन बढ़ रहे हैं। छात्र तंबुओं में रह रहे हैं और इससे विश्वविद्यालयों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। इससे अराजगता का माहौल पैदा हो रहा है। न्यूयॉर्क पुलिस ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से कई प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया है। दरअसल फलस्तीन समर्थक छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़े और अराजकता फैलाई। जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में भी फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी छात्रों ने 15 के करीब तंबू गाड़ दिए हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शन की कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक वीडियो में तो कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक भारतीय मूल की छात्रा प्रदर्शन करते दिख रही है और वह आजादी, ले के रहेंगे आजादी जैसे नारे लगा रही है। कुछ साल पहले भारतीय विश्वविद्यालयों में भी ऐसे ही नारे सुनाई दिए थे। व्हाइट हाउस ने विश्वविद्यालयों में चल रहे इन विरोध प्रदर्शनों पर नाराजगी जताई। राष्ट्रपति जो बाइडन से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यहूदियों के खिलाफ हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों की मैं कड़ी निंदा करता हूं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अलावा बॉस्टन यूनिवर्सिटी, हावर्ड यूनिवर्सिटी और मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भी विरोध प्रदर्शन जारी हैं।





# भारतीय मूल के शादीशुदा शख्स ने प्रेमिका की पीट-पीटकर हत्या की, हुई 20 साल की जेल की सजा

**सिंगापुर, एजेंसी।**
सिंगापुर में एक भारतीय मूल के शादीशुदा शख्स को 20 साल की जेल की सजा मिली है। दरअसल, व्यक्ति को यह सजा अपनी प्रेमिका की गैर इरादतन हत्या के लिए सुनाई गई।

एम कृष्णन खुद शादीशुदा था, लेकिन अपनी प्रेमिका का दूसरे पुरुषों के साथ संबंध रखने की बात हजम नहीं कर पाया। जब उसे यह पता चला तो उसने 40 वर्षीय मल्लिका बेगम रहमानसा अब्दुल रहमान को मुक्का और लात मारी, जिससे उसकी 17 जनवरी, 2019 में मृत्यु हो गई। 40 वर्षीय शख्स ने पिछले सप्ताह हाईकोर्ट में तारीख से पहले की है। न्यायमूर्ति वैलेरी थीन ने कहा कि कृष्णन ने वादा किया था कि 2018 में (पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के एक अन्य अपराध के लिए) वह एक सुधरा हुआ व्यक्ति बन जाएगा, लेकिन उसने अपनी पत्नी और प्रेमिका के साथ दुर्व्यवहार करना जारी रखा। सजा सुनाए जाने के दौरान न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि शख्स को गुस्सा करने की बीमारी थी। इसमें शराब ने और इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। न्यायमूर्ति थीन ने कहा कि भले ही अपराध के बाद उसे इस विकार के बारे में पता चला था कि उसे गुस्सा बहुत आता है। यह कहते हुए कि नहीं कर सकतीं, अदालत ने कृष्णन को 20 साल जेल की सजा सुनाई।

गौरतलब है, गैर इरादतन हत्या के लिए अधिकतम सजा आजीवन कारावास और बेंत से मारने की सजा है, या 20 साल तक की जेल की सजा और जुर्माना या बेंत से मारना है। साल 2015 की नवंबर में, कृष्णन की पत्नी ने उसे और उसकी प्रेमिका को बेडरूम में शराब पीते हुए पकड़ लिया था। परेशान होकर उसने कृष्णन को खूब खरी खोंटी सुनाई। इस पर शख्स आग बबूला हो गया और उसके चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मार दिया। इतना ही नहीं बाद में व्हिस्की की बोतल भी उठा ली।



बाद गया। हालांकि, यह मामला यही नहीं थमा। इसके बाद कृष्णन का गुस्सा और बढता चला गया। 2017 में अपनी कई पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने की बात स्वीकार की, उसके बाद साल 2019 की शरुआत में दर्वयवहार तेज शराब पी रहे थे, तब मल्लिका ने धोखा देने की बात कबूल की। इस पर कृष्णन भड़क गया और उसे जमकर पीटा। महिला ने शख्स से विनती की कि वह उसे न मारे तो उसने उसकी गर्दन पकड़ ली और उसे धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गई और उसका सिर अलमारी से टकरा गया। वह उठी लड़खड़ाते हुए रसोई में पहुंची और एक अलमारी के सामने गिर पड़ी। इस पर कृष्णन ने उसे उठने के लिए कहा और जब वह नहीं उठी तो उसने उसके माथे को दीवार से मार दिया। अगले दिन मल्लिका का अस्पताल में इलाज चला। इस दौरान कृष्णन ने पूरे दिन शराब पी। रात में साथ रिश्ते के बारे में बताया। शख्स का गुस्सा यहीं शांत नहीं हुआ उसने मल्लिका को फिर मारा। उसके चेहरे पर थप्पड़ मारा, उसके बाल पकड़े और उसे थप्पड़ मारा और लात मारी। उसे तबतक मारा जब तक वह मर नहीं गई। जब मल्लिका जमीन पर गिई तो कृष्णन ने उसे बिस्तर पर लेटा दिया। बाद में महसूस किया कि वह सांस नहीं ले रही थी। इसके बाद उसने लगभग 1÷35 बजे सिंगापुर सिविल डिफेंस फोर्स को फोन किया और बाद में पुलिस ने मल्लिका को मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम हुआ तो सामने आया कि मौत सिर पर चोट लगने से हुई थी। उसकी खोपड़ी,

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129